# दिसम्बर माह में अवकाश के दिनों में भी होगी राजस्व वसूली

## 31 दिसम्बर तक सम्पत्तिकर का भुगतान कर 4 प्रतिशत छूट का लाभ लें: निगम आयुक्त

**राजनांदगांव 25 नवम्बर।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में सतप्रतिशत राजस्व वसूली के लिये नगर निगम सुनियोजित आभियान चला रही है। करदाताओं की सुविधा के लिये निगम राजस्व कार्यालय दिसम्बर माह में अवकाश के दिनों में खुली रहेगी, जहॉ करदाता अपने करो का भुगतान कर सकते है। साथ ही दिसम्बर माह में सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छुट का लाभ दिया जायेगा। इस संबंध में आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा दिसम्बर माह तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छुट का लाभ देने का प्रावधान है।




जिसे ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा डोर टू डोर राजस्व वसूली करने के अलावा राजस्व कार्यालय में करदाताओं से करो की राशि ली जा रही है, ताकि उन्हें दिसम्बर माह तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 4 प्रतिशत छुट का लाभ मिल सके। साथ ही करदाताओं की सुविधा के लिये दिसम्बर माह में अवकाश के दिनों में भी राजस्व कार्यालय खुला रहेगा, जहॉ करदाता अपने करों का भुगतान कर सकते है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में शासन लक्ष्य के अनुरूप सतप्रतिशत राजस्व वसूली के लिये सुनियोजित अभियान चलाकर राजस्व वसूली की जा रही है, बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध कुछ लोगों के द्वारा अपने लंबित करों का भुगतान किया गया, जिनके द्वारा भुगतान नहीं किया गया है, उन्हें अंतिम नोटिस देकर भुगतान करने कहा गया है, भुगतान नहीं करने की स्थिति में नल विच्छेदन की कार्यवाही की जावेगी, आवश्यकता पड़ने पर कुर्की की कार्यवाही भी की जायेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि राजस्व कर्मियो को भी डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली करने कडी हिदायत दी गयी है, वसूली में लापरवाही बरतने पर उनके विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। दिसम्बर माह में राजस्व वसूली के लिये अवकाश के दिनों मे भी राजस्व कार्यालय खुली रहेगी, जिससे करदाता सम्पत्तिकर का भुगतानकर 4 प्रतिशत छुट का लाभ ले सके, वसूली के लिये अवकाश के दिनों में कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगायी गयी है। उन्होंने नागरिकों से सम्पत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेकर नगर विकास में सहयोग करने की अपील की है।

## एक नजर

### जिले में 2 से 3 दिसम्बर तक शुष्क दिवस घोषित

**धमतरी 25 नवम्बर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की तीनों विधानसभाओं की मतगणना आगामी 3 दिसम्बर को डॉ. भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक रुद्री में की जायेगी। मतगणना कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जिले में 2 एवं 3 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 उप-धारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित विधानसभा क्षेत्र में स्थित जिले की सभी देशी मदिरा दुकान/देशी मदिरा दुकान कम्पोजिट, विदेशी मदिरा दुकान, प्रीमियम शॉप, एफ.एल.3, होटल बार/एफ.4 (क) व्यवसायिक क्लब, मद्य भाण्डागार धमतरी को 2 दिसम्बर से 3 दिसम्बर तक बंद रखने के लिए आदेश जारी किया है।

### भाजपा ने दोहराई बीजापुर कलेक्टर को मतगणना से पृथक रखने की मांग

**रायपुर 25 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी ने बीजापुर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा को मतगणना के कार्य से पृथक करने की अपनी मांग दुहराई है। भाजपा ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को इस आशय का एक पत्र सौंपकर बीजापुर के कलेक्टर राजेंद्र कटारा के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने और अपना झुकाव कांग्रेस व कांग्रेस प्रत्याशी के प्रति प्रदर्शित करने का गंभीर आरोप लगाया है। भाजपा सांसद, चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक व पाटन विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल, पूर्व मंत्री व बीजापुर विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा, मतदान समिति के प्रदेश संयोजक विजयशंकर मिश्रा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बृजेश पांडेय और प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र सौंपकर बताया कि विधानसभा चुनावों की घोषणा के पूर्व से ही बीजापुर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की भूमिका पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण रही है और उनका झुकाव हमेशा कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस के प्रत्याशी की ओर रहा है। इसकी शिकायत समय-समय पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा की गई है। पत्र में बीजापुर कलेक्टर पर दिनांक 6 अक्टूबर को कांग्रेस का प्रचार करने, 27 अक्टूबर को स्थानीय विधायक का सहयोग करने व उनके निर्देशों के अनुसार कार्य करने, 2 नवंबर को पक्षपातपूर्ण व्यवहार करने, 10 नवंबर को ईवीएम मशीनों के क्रमांक प्रदान नहीं किए जाने को लेकर भाजपा ने शिकायतें की हैं, परंतु उन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि डीआरओ से बूथवार मतदान से संबंधित दस्तावेज मांगे जाने के बावजूद कलेक्टर ने आज तक वे दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं। भाजपा नेताओं ने इस बात को भी गंभीर बताया है कि कलेक्टर और रिटर्निंग ऑफिसर को हटाने के पहले ही दिए जा चुके आवेदन पर भारत निर्वाचन आयोग ने इन अधिकारियों को नहीं हटाया। यह सब गड़बड़ी जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) के द्वारा ही की जा रही है।

### मुख्यमंत्री बघेल की उम्मीदवारी रद्द कर अयोग्य घोषित करें : भाजपा

**रायपुर 25 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी ने पाटन विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत दिनांक 16 नवंबर को चुनाव प्रचार कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत कर निर्वाचन के अयोग्य घोषित करने एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। इस आशय का मुख्य चुनाव आयुक्त (नई दिल्ली) के नाम एक स्मरण पत्र शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा गया है। भाजपा सांसद, चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक व पाटन विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल, पूर्व मंत्री व बीजापुर विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा, मतदान समिति के प्रदेश संयोजक विजयशंकर मिश्रा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बृजेश पांडेय और प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (नई दिल्ली) के नाम प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को स्मरण पत्र सौंपकर बताया कि विधानसभा क्षेत्र पाटन, जहाँ से मुख्यमंत्री बघेल कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, मतदान 17 नवंबर को निर्धारित था। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत दिनांक 15 नवंबर से चुनाव प्रचार सभा, रैली इत्यादि के आयोजन पर रोक लग गयी थी। इस प्रावधान का उल्लंघन करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने दिनांक 16 नवंबर को एक रैली/रोड शो का आयोजन किया, जिसके छाया-चित्र तथा कई वीडियो उपलब्ध हैं। इन छाया-चित्रों तथा कई वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि मुख्यमंत्री बघेल द्वारा रैली का आयोजन किया जा रहा है तथा कई शासकीय कर्मचारी तथा पुलिस अधिकारी भी इसमें शामिल हैं। कांग्रेस तथा भूपेश बघेल के पक्ष में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नारा लगाकर उद्घोष किया जा रहा है।

# एनएसयूआई ने की रविवि में अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

**रायपुर 25 नवंबर।** एनएसयूआई प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर में डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की माँग को लेकर कुलसचिव को ज्ञापन दिया है। निखिल वंजारी ने बताया कि 26 नवंबर को देश संविधान दिवस मनाता है । संविधान दिवस का मुख्य उद्देश्य भारत के नागरिकों के बीच संविधान के बारे में जागरूकता पैदा करना और संवैधानिक मूल्यों का प्रचार करना है। भारतीय संविधान के जनक व भारत



रत??न से विभूषित डा.भीमराव अंबेडकर जी एक बड़े आधुनिक भारत के समाज सुधारक,एक सफल अर्थशास्त्री, दूरदर्शी नेता व भारत के प्रथम कानून मंत्री थे, जिनकी योगदान राष्ट्र के लिए अभूतपूर्व, अविश्वसनीय व अद्भुत है पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में पूरे प्रदेश का सबसे बड़ा विधि अध्ययनशाला स्थित है॥ अत~ हम आपसे निवेदन करते है कि पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर में संविधान निर्माता, भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित की जाये।

# महाराष्ट्र की टीम का राजनांदगांव में आयोजित सीनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दबदबा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 नवंबर।** बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में बास्केटबॉल की एक और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 23 से 29 नवम्बर तक स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रॉउंड रोबिन लीग मैच में अब तक के सभी लीग मैच जीत कर प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं प्रतियोगिता आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि ये प्रतियोगिता दो चरणों में होगी। पहले चरण में 23 से 25 नवंबर तक महिलाओं की प्रतियोगिता में होना है। कल महिला वर्ग का फायनल मैच खेला जावेगा ।

पूरूषों की प्रतियोगिता 27 से 29 नवंबर तक आयोजित होगी जिसके लिए 26 नवंबर को टीमें आयेंगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ सहित 11 टीमें भाग लेंगी। इन खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था दिग्विजय स्टेडियम एवं साई हॉस्टल एवं कुछ खिलाडी में कई गई है कुछ टीमें विभिन्न हॉटेल्स में है। इस प्रतियोगिता में लगभग 120 महिला एवं 150 पुरूष खिलाड़ियों तथा आफिसियल्स के भाग ले रहे है। राजनांदगांव में व्हीलचेयर बास्केटबॉल की पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है। इसके पूर्व भारतीय व्हीलचेयर



बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर राजनांदगांव में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता हेतु व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव लुईस जार्ज, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक वरूण एहलावत, श्रीमती सुवर्णा लिमये सहित अंतर्राष्ट्रीय रेफरी भी भाग ले रहें है। सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि इस प्रतियोगिता से भारतीय महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का चयन भी किया जा रहा है।

भारतीय महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी राजनांदगांव में आयोजित होगा। श्री गोलछा ने आगे बताया कि यह प्रतियोगिता व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन के स्पांसर, दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के सहयोग से आयोजित की जा रही है। आज के मैचेस के स्कोर ~ केरल ने मणिपुर को 14-07 अंको से, तमिलनाडु ने ओडिशा को 14-08 अंको से, महाराष्ट्र ने कर्नाटक को 18-17 अंको से, परास्त किया ।

# 160 पुलिस जवानों को कराया गया बलवा ड्रील का अभ्यास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 नवंबर।** 24 नवंबर को पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, एसडीएम अरूण वर्मा एवं तहसीलदार मनीष वर्मा की उपस्थिति में रक्षित आरक्षी केन्द्र राजनांदगांव में 160 पुलिस जवानों को बलवा ड्रील का संयुक्त रूप से अभ्यास कराया गया। इस दौरान आईजी रिर्जव टीम, डीआरजी टीम, यातायात पुलिस टीम व पुलिस के जवानों को अलग-अलग दायित्व की भूमिका देकर अभ्यास कराया गया। उपद्रव करने वाले बलवाइयों को कानून व्यवस्था न तोड़ने की समझाइश देते हुए, केन पार्टी, लाठी पार्टी, अश्रु गैस का प्रयोग किया गया। पुलिस जवानों से आगामी कानून



व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए बलवा ड्रील का अभ्यास कराया गया साथ ही साथ डॉग स्क्वॉड टीम के द्वारा डॉग को भी अभ्यास कराया गया। बलवा ड्रील अभ्यास करने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए और अच्छे से बलवा ड्रील का अभ्यास किए जाने हेतु दिशानिर्देश दिया गया।

बलवा ड्रील के पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा द्वारा सभी बलवा ड्रील के जवानों को ब्रीफ कर वीआईपी ड्यूटी, लॉ इन आर्डर ड्यूटी के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा कर अपने अनुभव को साझा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।

बलवा ड्रील अभ्यास दौरान नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अमित पटेल, रक्षित निरीक्षक राजनांदगांव अरविंद साहू, थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, थाना बसंतपुर प्रभारी निरीक्षक विजय मिश्रा, थाना लालबाग प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, ओपी सुरगी प्रभारी निरीक्षक पुरूषोत्तम ध्रुव, थाना सोमनी प्रभारी निरीक्षक कृष्णा पाटले, ओपी चिखली प्रभारी उनि नरेश बंजारे सहित जिला पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।

## डोंगरगांव पुलिस की त्वरित कार्रवाई

# शांति बाई को दिलाया उसका खोया सामान और पैसा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 25 नवंबर।** पुलिस और जनता के बीच कैसा संबंध होना चाहिए इसको चरितार्थ करता कदम डोंगरगांव पुलिस का त्वरित सराहनीय कार्य दिनांक 23.11.2023 को देखने को मिला। जानकारी के मुताबिक महिला शांतिबाई राजनांदगांव से भारत ट्रैवल्स में सफर कर रही थी वह अपने साथ ?13000 रुपए नगद और 2 लाख के सोने और चांदी के जेवर अपने साथ बैग में रखी थी वापसी में बस से उतरते समय हड़बड़ी और जल्दबाजी में अपने बैग को भूल कर वह उतर गई चुकी बस आगे बढ़ चुकी थी थोड़ी देर आगे जाने के बाद अचानक अपने बैग और सामान को अपने साथ न पाकर घबरा कर तत्काल उसकी सूचना डोंगरगांव थाने में दी।जिस पर थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने तत्काल भारत ट्रेवल्स के ड्राइवर कंडेक्टर को फोन लगा कर सूचित करते हुए उक्त बैग के संबंध में जानकारी ली जिस पर भारत ट्रेवल्स के ड्राइवर द्वारा जानकारी दी गई की एक बैग यात्री सीट पर पड़ा हुआ है



जिस पर भारत ट्रेवल्स द्वारा उक्त बैग को तत्काल लाकर थाने में जमा किया गया ।थाना प्रभारी ने शांति बाई को बुलाकर बैग को दिखाकर उसकी पहचान करवाई गई महिला के द्वारा बैग को अपना होने की बात तथा उसमे रखे 13000 नगदी और लगभग 2 लाख के जेवर के होने को बात कही गई।

बैग खोलने पर 13000 की रकम तथा 2 लाख के सोने चांदी के जेवरात के होने की पुष्टि होने पर डोंगरगांव पुलिस एवम थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने उस महिला को तत्काल उसका बैग उसके सुपुर्द किया।थाना डोंगरगांव के इस त्वरित कार्य शैली की चर्चा दिनभर लोगो में होती रही तथा महिला शांतिबाई सहित अंचल के लोगो ने थाना डोंगरगांव की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए अपना आभार व्यक्त किया है।

## एचडीएफसी बैंक को किया गया सम्मानित

**रायपुर 25 नवंबर।** निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स 2023 में दो पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इन पुरस्कारों में शामिलहैं निजी बैंकरों की शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक (एशिया) विकास रणनीति के लिए निजी बैंक (एशिया) इसके अतिरिक्त, बैंक को भारत में सर्वश्रेष्ठ निजी बैंक की श्रेणी में काफी सराहना भी मिली। फाइनेंशियल टाइम्स द्वारा प्रकाशित - दुनिया का अग्रणी वैश्विक व्यापार प्रकाशन - प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजमेंट (पीडब्लूएम) निजी बैंकों और उन क्षेत्रीय वित्तीय केंद्रों की विकास रणनीतियों का विश्लेषण करने में माहिर है जिनमें वे काम करते हैं। ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग अवार्ड्स ने खुद को दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित निजी बैंकिंग पुरस्कारों के रूप में मजबूती से स्थापित कर लिया है और अब अपने पंद्रहवें वर्ष में हैं। प्रविष्टियों का मूल्यांकन उत्तरी अमेरिका, एशिया, यूरोप और मध्य पूर्व में स्थित प्रतिष्ठित उद्योग न्यायाधीशों के एक स्वतंत्र पैनल द्वारा किया जाता है। उद्योग न्यायाधीशों के उद्धरण में कहा गया है कि वे पिछले साल एचडीएफसी बैंक की विकास रणनीति से प्रभावित थे, जिसके कारण इसके ग्राहक आधार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई और देश भर में इसके हब और स्पोक स्थानों का काफी विस्तार हुआ, साथ ही अभिनव निवेशक शिक्षा पहल भी हुई। उद्योग न्यायाधीशों ने बैंक को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद और बैंगलोर जैसे शैक्षणिक निकायों के साथ साझेदारी की है।

## मानसिक परेशानी कई तरह से मानव विकास पर असर डालती है: आर. श्रीनिवास मूर्ति

रायपुर. 25 नवंबर। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा



महाविद्यालय के मनोरोग विभाग एवं इंडियन एसोसिएशन फॉर सोशल साइकिएट्री के संयुक्त तत्वावधान में 30 वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन एनसीआईएएसपी 2023 (नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडियन एसोसिएशन फॉर सोशल साइकिएट्री) का आयोजन चिकित्सा महाविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार (ऑडिटोरियम) में किया जा रहा है। 24 नवंबर से प्रारंभ होकर 26 नवंबर तक चलने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन में सामाजिक मनोचिकित्सा (सोशल साइकिएट्री) के विविध पहलुओं पर मंथन करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से विशेषज्ञ शामिल हुए हैं। ÷मानसिक स्वास्थ्य में लोक स्वास्थ्य दृष्टिकोण (पब्लिक हेल्थ एप्रोचेस इन मेंटल हेल्थ)÷ विषय पर पूरा सम्मेलन केन्द्रित है। शुक्रवार को इस सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति (वाइस चांसलर) डॉ. ए. के. चंद्राकर एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता (डीन) डॉ. तृप्ति नागरिया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। चिकित्सा महाविद्यालय में मनोरोग विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार साहू ने बताया कि यह सम्मेलन वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सामाजिक मनोविज्ञान को संदर्भित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, भविष्य की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से उबरने पर केन्द्रित है।

### गौसेवक दिलीप नाग ने गौवंश के लिए 75 बोरा पैरा कुट्टी दान किया

**रायपुर 25 नवंबर।** गौ सेवक श्री दिलीप नाग ने नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 के क्षेत्र के अन्तर्गत फुण्डहर गौठान में पहुंचकर लगभग 75 बोरा पैरा कुट्टी गौवंश के चारे के रूप से स्वेच्छिक दान किया है। गौसेवक श्री दिलीप नाग ने फुण्डहर गौठान में गौवंश के चारे के रूप में लगभग 75 बोरी पैरा कुट्टी का स्वेच्छिक दान नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 9 के जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियन्ता श्री के. के. शर्मा, जोन स्वास्थ्य



अधिकारी श्री जयनन्दन डहरिया, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री पूरन तांडी, स्वच्छता निरीक्षक श्री महेन्द्र कलिहारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री भोला तिवारी की उपस्थिति में किया.वच्छता निरीक्षक श्री महेन्द्र कलिहारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री भोला तिवारी की उपस्थिति में किया।

### स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**रायपुर 25 नवम्बर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में स्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कृषि महाविद्यालय रायपुर, स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर और खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि जब लक्ष्य बनाकर दृढ़ संकल्प लेकर कार्य किया जाता है तब सफलता अवश्य मिलती है। उन्होने बताया कि विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि में नये-नये आयाम साकार हुए हैं, जिसका लाभ किसानों बुद्धिजीवियों और जनमानस तक पहुंचा है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय शर्मा, कृषि महाविद्यालय रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. जी.के. दास, खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. ए.के. दवे उपस्थित थे।

**संपादकीय**

## ईडी से ज्यादा परेशानी इसलिए है

राजनीतिक दल के नेता हों या व्यवसाय से जुड़े लोग सब कुछ अपनी सुविधा के अनुसार चाहते हैं। चाहे व सरकार की नीति हो या देश का कानून। सरकार की नीति से उन्हें कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। सरकार के बनाए कानून से उन्हें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यानी वह जो काम कर रहे हैं, नीति व कानून उसमें किसी तरह की बाधा न डाले। जब भी कोई नीति व कानून ऐसा बन जाता है तो राजनीति व व्यवसाय से जुड़े लोग उसका विरोध करने लगते हैं, वह यह साबित करने का प्रयास करते हैं कि यह देश के लिए ठीक नहीं हैं, यह जनता के लिए ठीक नहीं है. यह तो लोकतंत्र विरोधी है। यह तो संविधान विरोधी है। ईडी के लिए बनाया गया कानून ऐसा ही कानून है, अन्य कानून की तरह इसमें नेताओं व व्यवसायियों को किसी तरह की छूट नहीं दी गई है। इसलिए वह इसका विरोध करते हैं। हर देश में गलत काम करने वाले क्या चाहते हैं, हर देश में काला धन कमाने वाले क्या चाहते हैं।वह इतना चाहते हैं कि वह गलत काम करें तो भी कोई कार्रवाई न हो. कार्रवाई हो भी तो उनको तुरंत जमानत मिल जाए, कार्रवाई हो तो उनकी नाजायय संपत्ति जब्त न हो। जितनी काली कमाई करने वाले लोग होते हैं, उनके पास बहुत पैसा होता है। हर तरह के मामले में वह अपने पैसे के बल पर देश का महंगा से महंगा वकील कर अपनी जमानत करा लेते हैं। ऐसी व्यवस्था कर लेते हैं कि उनकी संपत्ति जब्त न हो। ईडी के मामले में देश के बड़ों से बड़े वकील की नहीं चलती है। बड़े से बड़ा वकील भी ईडी के मामले में जमानत नहीं दिला पाता है। यह नेता व देश के तमाम बड़े वकीलों के लिए चुनौती है, उन्हें बड़ा अपमान जनत लगता है कि इतने बड़े वकील होकर वह अपने सबसे ज्यादा पैसे देने वाले लोगों की जमानत तक नहीं करा पा रहे हैं। ऐसे में बड़े से बड़े वकील की प्रतिष्टा धूमिल होती है, वह नामी वकील होकर भी नाकाबिल कहे जाते हैं। उन्हेंअपने क्लाइंट की बात सुनने को पड़ती है कि काहे के बड़े वकील हो, जमानत तक तो नहीं करा पारहे हो। एक तरफ बड़े वकीलों का नाम खराब होता है, दूसरे उनकी आय प्रभाविक होती है। यही वजह है कि ईडी के अधिकारों पर एक सुनवाई होने तथा कोर्ट का फैसला आने के बाद कि ईडी के दिए गए अधिकार जायज है, फिर से एक बार सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। काली कमाई करने वाले नेता व व्यवसायी बड़े बड़े वकीलों के जरिए सुप्रीम कोर्ट से इतनी राहत चाहते हैं जैसे अन्य कानूनों में उनको जमानत दे दी जाती है, उसी तरह ईडी के मामलों में भी जमानते दे दी जाए। उनकी संपत्ति जब्त न हो। वह चाहते हैं कि जितने बड़े वकील हैं, वह सुप्रीम कोर्ट को मानने के लिए मजबूर कर दें कि ईडी को जो आधिकार दिए गए हैं, वह संविधान व लोकतंत्र के खिलाफ हैं, इससे जनता को परेशानी हो रही है। ईडी तो इस देश में पहले भी थी, लेकिन उसके पास ऐसे अधिकार नहीं थे, इसलिए वह ऐसी कार्रवाई नहीं कर पाती थी। मोदी सरकार आने के बाद इसको कुछ और अधिकार दिए गए हैं, इन अधिकारों को कारण ही काली कमाई करने वाले परेशान हैं क्योंकि उनकी काली कमाई से खरीदी गई संपत्ति जब्त हो जाती है, उनको गिरफ्तार किया जाता है तो जमानत तक नहीं होती है। नेता व व्यापारी की छवि अलग खराब होती है कि यह तो गलत काम करने वाला है तब ही तो ईडी ने इसके खिलाफ कार्रवाई की है। नेता भले परेशान हों लेकिन जनता तो खुश है कि इस देश में पहली बार कोई एजेंसी है जिससे काली कमाई करने वाले डरते हैं, वह जेल जाते है, उनकी काली कमाई जब्त की जाती है। जनता ऐसा नेता चाहती है जो काली कमाई करने वाले बचाए नहीं, उनको सजा दिलाए। उनके खिलाफ सक्त कानून बनाए।

# हिंसामुक्त नारी समाज का सपना अधूरा क्यों?

**अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस**

ललित गर्ग



**नारी को छोटा व दोयम दर्जा का समझने की मानसिकता भारतीय समाज की रग-रग में समा चुकी है। असल प्रश्न इसी मानसिकता को बदलने का है। इन वर्षों में अपराध को छुपाने और अपराधी से डरने की प्रवृत्ति खत्म होने लगी है। वे चाहे मीटू जैसे आन्दोलनों से हो या निर्भया कांड के बाद बने कानूनों से।**

पूरे विश्व में महिलाओं के प्रति हिंसा, शोषण एवं उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं के उन्मूलन हेतु संयुक्त राष्ट्र के द्वारा प्रतिवर्ष 25 नवंबर को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस' मनाया जाता है। भारत ही नहीं, दुनियाभर की महिलाओं पर बढ़ती हिंसा, शोषण, असुरक्षा एवं उत्पीड़न की घटनाएं एक गंभीर समस्या है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिलाओं पर की जा रही इस तरह हिंसा के उन्मूलन के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महिलाओं के समूह व संगठन महिलाओं की समाज में चिंताजनक स्थिति और इसके परिणामस्वरूप, महिलाओं के शारीरिक, मानसिक तथा मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को सामने लाने के लिए विविध उपक्रम किये जाते हैं। कई महिला अधिकार कार्यकर्ता एवं संगठन इस दिन दुनिया को महिलाओं के खिलाफ हिंसा से मुक्त कराने के लिए नारीवादी आंदोलनों का समर्थन करते हैं।



यह दिवस उन मिराबल बहनों का भी सम्मान करता है जिनकी वर्ष 1960 में इसी दिन राजनैतिक कार्यकर्ता डोमिनिकन शासक राफेल ट्रुजिलो (1930-1961) के आदेश पर तीन बहनों, पैट्रिया मर्सिडीज मिराबैल, मारिया अर्जेंटीना मिनेर्वा मिराबैल तथा एंटोनिया मारिया टेरेसा मिराबैल की क्रूरता से हत्या कर दी थी। इन तीनों बहनों ने ट्रुजिलो की तानाशाही का कड़ा विरोध किया था। महिला अधिकारों के समर्थक व कार्यकर्ता वर्ष 1981 से इस दिन को इन तीनों बहनों की मृत्यु की स्मृति के रूप में मनाते हैं। देश एवं दुनिया में विकास के साथ-साथ महिलाओं के प्रति हिंसक सोच थमने की बजाय नये-नये रूपों में सामने आती रही है। इसी हिंसक सामाजिक सोच एवं विचारधारा पर काबू पाने के लिये अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा-उन्मूलन दिवस महिलाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता से जुड़ा एक ऐसा दिवस है जो दायित्वबोध की चेतना का संदेश देता है, महिलाओं के प्रति एक नयी सभ्य एवं शालीन सोच विकसित करने का आह्वान करता है। यह दिवस उन चौराहों पर पहरा देता है जहां से जीवन आदर्शों के भटकाव एवं नारी-हिंसा की संभावनाएं हैं, यह उन आकांक्षाओं को थामता है जिनकी हिंसक गति तो बहुत तेज होती है पर जो बिना उद्देश्य समाज की बेतहाशा दौड़ को दर्शाती है। इस दिवस को मनाने के उद्देश्यों में महिलाओं के प्रति बढ़ रही हिंसा को नियंत्रित करने का संकल्प भी है। यह दिवस नारी को शक्तिशाली, प्रगतिशील और संस्कारी बनाने का अनूठा माध्यम है। हर घंटे में पांच से अधिक महिलाओं या लड़कियों की उनके ही परिवार में किसी न किसी द्वारा हत्या कर दी जाती है। लगभग तीन में से एक महिला को अपने जीवन में कम से कम एक बार शारीरिक और यौन हिंसा का शिकार होना पड़ा है। 86 प्रतिशत महिलाएँ और लड़कियाँ लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ कानूनी सुरक्षा के बिना देशों में रहती हैं। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा दुनिया में सबसे प्रचलित और व्यापक मानवाधिकार उल्लंघनों में से एक है। यह संकट कार्यस्थल और ऑनलाइन स्थानों सहित विभिन्न सेटिंग्स में तीव्र हो गया है, और महामारी के बाद के प्रभावों, संघर्षों और जलवायु परिवर्तन के कारण और भी गंभीर हो गया है। अनुमान है कि दुनिया भर में 35 प्रतिशत महिलाओं ने शारीरिक और यौन हिंसा का अनुभव किसी नॉन-पार्टनर द्वारा अपने जीवन में किसी बिंदु पर किया है। हालांकि, कुछ राष्ट्रीय अध्ययनों से पता चलता है कि 70 प्रतिशत महिलाओं ने अपने जीवनकाल में एक अंतरंग साथी से शारीरिक और यौन हिंसा का अनुभव किया है। दुनियाभर में पाए गए सभी मानव तस्करी के पीड़ितों में से 51 प्रतिशत वयस्क महिलाओं का खाता है। यूरोपीय संघ की रिपोर्ट में 10 महिलाओं में से एक ने 15 साल की उम्र से साइबर-उत्पीड़न का अनुभव किया है। 18 से 29 वर्ष की आयु के बीच युवा महिलाओं में जोखिम सबसे अधिक है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक वैश्विक महामारी है। 70 प्रतिशत महिलाओं की संख्या अपने जीवनकाल में हिंसा का अनुभव करती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े भी महिलाओं के खिलाफ आपराधिक घटनाओं में वृद्धि को स्पष्ट करते हैं। इन अपराधों में बलात्कार, घरेलू हिंसा, मारपीट, दहेज प्रताड़ना, एसिड हमला, अपहरण, मानव तस्करी, साइबर अपराध और कार्यस्थल पर उत्पीड़न आदि शामिल हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार 2017 में भारत में कुल 32,559 बलात्कार हुए, जिसमें 93.1 प्रतिशत आरोपी करीबी ही थे। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो-2017 की रिपोर्ट के हिसाब से देश में सबसे ज्यादा 5562 मामले मध्यप्रदेश में दर्ज हुए। इस सूची में 3305 रेप मामलों के साथ राजस्थान दूसरे नंबर पर रहा। राजस्थान में तो कन्या-शिशुओं को जन्म लेते ही मार देने की भयावह मानसिकता रही है। कुछ चिंतन और मनन करने से हमें पता चलता है कि महिलाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न, फब्तियां कसने, छेड़खानी, वैश्यावृत्ति, गर्भाधारण के लिए विवश करना, महिलाओं और लड़कियों को खरीदना और बेचना, युद्ध से उत्पन्न हिंसक व्यवहार और जेलों में भीषण यातनाओं का क्रम अभी भी महिलाओं के विरुद्ध जारी है और इसमें कमी होने के बजाए वृद्धि हो रही है। आज हिंसा एवं उत्पीड़न से ग्रस्त समाज की महिलाओं पर विमर्श जरूरी है। विकसित एवं विकासशील देशों में महिलाओं पर अत्याचार, शोषण, भेदभाव एवं उत्पीड़न का साया छाया रहता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। माइनॉरिटी राइट्स ग्रुप इंटरनेशनल ने 'दुनिया के अल्पसंख्यकों और मूल लोगों की दशा' नामक अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे दुनियाभर में अल्पसंख्यक और मूल समुदाय की महिलाएं हिंसा का शिकार ज्यादा होती हैं, चाहे वह संघर्ष का दौर हो या शांति का दौर। इस संगठन के कार्यकारी निदेशक मार्क लैटिमर ने कहा कि दुनियाभर में अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव के तहत महिलाओं को शारीरिक हिंसा का दंश झेलना पड़ता है। यह स्थिति भारत के सन्दर्भ में भी भयावह है। भले ही भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान में महिला सशक्तिकरण के लिए सराहनीय कार्य कर रही है बावजूद इसके आधुनिक युग में हजारों अल्पसंख्यक ही नहीं आम महिलाएं अपने अधिकारों से कोसों दूर हैं। सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए भले ही सैकड़ों योजनाएं तैयार की हों, परंतु महिला वर्ग में शिक्षा व जागरूकता की कमी आज भी खल रही है। अपने कर्त्तव्यों तथा अधिकारों से बेखबर महिलाओं की दुनिया को चूल्हे चौके तक ही सीमित रखा है। भारत में आदिवासी समुदाय की महिलाएं अपने अधिकारों से बेखबर हैं और उनका जीवन आज भी एक त्रासदी की तरह है।

नारी को छोटा व दोयम दर्जा का समझने की मानसिकता भारतीय समाज की रग-रग में समा चुकी है। असल प्रश्न इसी मानसिकता को बदलने का है। इन वर्षों में अपराध को छुपाने और अपराधी से डरने की प्रवृत्ति खत्म होने लगी है।

वे चाहे मीटू जैसे आन्दोलनों से हो या निर्भया कांड के बाद बने कानूनों से। इसलिए ऐसे अपराध पूरे न सही लेकिन फिर भी काफी सामने आने लगे हैं। अन्यायी तब तक अन्याय करता है, जब तक कि उसे सहा जाये। महिलाओं में इस धारणा को पैदा करने के लिये न्याय प्रणाली और मानसिकता में मौलिक बदलाव की भी जरूरत है। देश में लोगों को महिलाओं के अधिकारों के बारे में पूरी जानकारी नहीं है और इसका पालन पूरी गंभीरता और इच्छाशक्ति से नहीं होता है। महिला सशक्तीकरण के तमाम दावों के बाद भी महिलाएँ अपने असल अधिकार से कोसों दूर हैं। उन्हें इस बात को समझना होगा कि दुर्घटना व्यक्ति और वक्त का चुनाव नहीं करती है और यह सब कुछ होने में उनका कोई दोष नहीं है।पुरुष-समाज के प्रदूषित एवं विकृत हो चुके तौर-तरीके ही नहीं बदलने हैं बल्कि उन कारणों की जड़ों को भी उखाड़ फेंकना है जिनके कारण से बार-बार नारी को जहर के घूंट पीने को विवश होना पड़ता है। विश्व महिला हिंसा-उन्मूलन दिवस गैर-सरकारी संगठनों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और सरकारों के लिए महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का अवसर होता है। दुनिया को महिलाओं की मानवीय प्रतिष्ठा के वास्तविक सम्मान के लिए भूमिका प्रशस्त करना चाहिए ताकि उनके वास्तविक अधिकारों को दिलाने का काम व्यावहारिक हो सके। ताकि इस सृष्टि में बलात्कार, गैंगरेप, नारी उत्पीड़न, नारी-हिंसा जैसे शब्दों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाए।

## आज का राशिफल

**मेष राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। नौकरी करने वाले जातकों को कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। कार्यस्थल पर आप कोई ऐसा कार्य करेंगे जिससे आपको सम्मान मिलेगा, आप लोगों की प्रेरणा बनेंगे। आपका प्रमोशन भी हो सकता है। राजनीति के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है।

**वृष राशि-** आपके लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। व्यापार के सिलसिले में की गई यात्रा सफल होंगी। आप नई नई योजनाएं बनाएंगे जिससे आपके व्यापार में लाभ की संभावना बढ़ेगी। कार्य क्षेत्र में आज आपकी व्यस्तता रहेगी। आज आप अपने व्यवहार मधुर बनाये रखें, रुके हुये कार्यों को पूरा करने में लोगों का सहयोग मिलेगा। मित्र के माध्यम से धन लाभ के योग हैं। आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी। नौकरी में बदलाव आने और नई नौकरी प्राप्त करने के योग हैं। विभागीय परिवर्तन या तबादले की भी संभावना है। विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त होंगे।

**मिथुन राशि-** आपके लिए आज का दिन करियर में अच्छी सफलता प्रदान करने वाला साबित होगा। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति के साथ-साथ कार्यभार में भी बढ़ोतरी की जायेगी। आज आपके व्यापार से संबंधित रुकी योजनाएं फिर से चालू होंगी और आप उस प्रोजेक्ट पर दुबारा काम करना शुरू करेंगे। आपको आर्थिक तौर पर कोई बड़ा लाभ भी मिलने की संभावना है। इस राशि के जातकों का दांपत्य जीवन बहुत सुखद रहेगा, एक दूसरे के प्रति अपनत्व की भावना बढ़ेगी।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए सुखद रहने वाला है। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपके सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। आपके कार्यालय में आपके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा होगी और आपको इससे लाभ मिलेगा। आज आप अपने सहकर्मियों का भी सहयोग करेंगे। आपको कार्यक्षेत्र में कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है। किसी प्रॉपर्टी में या किसी बड़े प्रोजेक्ट पर निवेश करने से आपको आज बचना चाहिए। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी आपका वैवाहिक जीवन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आप धार्मिक गतिविधियों में एक्टिव रहेंगे। नौकरी पेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अधूरे कामों को समय पर पूरा करने से लाभ मिलेगा और प्रमोशन की संभावना बनेगी। जो लोग नौकरी की तलाश में है उन्हें नौकरी मिलने के योग है। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन शुभ है किसी प्रतिष्ठित कॉलेज या स्कूल में दाखिला लेना चाहते हैं तो आपको कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा जीवन साथी के स्वास्थ्य को लेकर सावधानी वरते।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए बदलाव लेकर आया है। आज आप अपने जीवन जीने की शैली में सुंदर बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। जिससे आप स्वयं को ऊर्जावान महसूस करेंगे। यदि आप नौकरी करते हैं, तो आपको नए अवसर मिलने के योग हैं, आप को आलस्य से दूर रहना चाहिए महत्वपूर्ण अवसर हाथ से निकल सकते हैं। व्यापार में उन्नति होगी और आपको सहयोगियों का साथ मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी फिजूखर्चो से आपको बचना चाहिए। वैवाहिक जीवन में सुख शांति बनी रहेगी।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है। आज आपको कामों में सफलता मिलेगी। आपके लिए नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। यदि आप सरकारी नौकरी में है तो किसी अच्छी जगह आपका ट्रांसफर हो सकता है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को अच्छे परिणामों की प्राप्ति होगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों के प्रति आप जागरूक रहेंगे दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर अपनी संतान के लिए कोई निर्णय ले सकते है।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके लिए काफी बेहतर रहने वाला है। नौकरी पेशा जातकों के लिए पदोन्नति के साथ सैलरी में भी बढ़ोतरी होने के योग हैं। आज आपके व्यापार की स्थिति बेहतर होगी इससे आमदनी के रास्ते खुलेंगे और आर्थिक स्थिति में सुधार होने की संभावना बढ़ेगी। कार्यों में परिवार के सदस्यों का अच्छा साथ मिलेगा। विदेश जाकर पढ़ने की इच्छा रखने वाले छात्रों की यह इच्छा पूरी हो सकती है आज इस सिलसिले में प्रयास शुरू करना चाहिए।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का पूरा मौका मिलेगा। व्यापार से जुड़े लोगों को लाभ के योग हैं। नए लोगों के संपर्क से व्यापार में बढ़ोतरी होगी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। छात्रों के लिए आज का दिन फेबरेबल रहने वाला है। कॉलेज की तरफ से मिला प्रोजेक्ट आज पूरा कर लेंगे। शिक्षकों से प्रोत्साहन मिलेगा। साथ ही करियर को बेहतर बनाने में परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा। घर में सुख शांति बनी रहेगी।

**मकर राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप दोस्तों के साथ कहीं जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। अपने कार्य क्षेत्र में सहकर्मियों के सहयोग से अपने हर काम को बखूबी निभाएंगे। इस प्रकार आपके कार्यक्षेत्र में आप का दबदबा बढ़ेगा। व्यापार जगत से जुड़े लोगों को व्यापार को आगे बढ़ाने के अनेक मौके मिलेंगे और आप इसमें सफल भी होंगे। मीडिया से जुड़े लोगों को तरक्की के अवसर मिलेंगे।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लाने वाला है। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ हंसी खुशी से दिन बिताएंगे। इस राशि के जातकों को करियर को लेकर सावधान रहना चाहिए कार्यस्थल पर सहकर्मी आपके खिलाफ अधिकारियों के कान भर सकते हैं। जिससे आपको नौकरी में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपको अपने कार्य क्षेत्र में सराहना मिलेगी आपके काम को देखते हुए आपको पदोन्नति भी मिल सकती है जिससे आपको खुशी मिलेगी। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगेगा और अपने मनपसंद विषयों में उनकी पकड़ बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा आपको अपनी वाणी और व्यवहार में संयम बरतना चाहिए।

**व्यंग्य**

# हम बेचने आए हैं

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

बेचवापुर में फेंकूराम नाम का राजा शासन करता था। उसके गृहमंत्री का नाम भड़काऊलाल था। आए दिन गृहमंत्री अपने प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में राजा फेंकूराम की फेंकी हुई बातों को नापने निकल पड़ता था। इसी क्रम में एक बार वह पूर्वी प्रांत के बड़े राज्य में पहुँचा जहाँ राजा फेंकूराम की बातों से लबालब भरा हुआ तालाब मिला। तालाब के पानी में कमल खिले थे और अच्छे दिन के फिराक में दूसरे फूलों पर मंडराने वाले भौंरे यहाँ मंडरा रहे थे। किनारों पर सोशल मीडिया के पेड़ थे, जिन पर जुमले चहचहा रहे थे। गृहमंत्री वहाँ रुक गया। तालाब के पानी से हाथ-मुँह धोकर ऊपर मीडियाहाऊस पर गया। वहाँ अपने राजा फेंकूराम के फेंकी हुई बातों को इस तरह छोड़ने लगा कि मीडियाहाऊस वाले लपेटते-लपेटते थक गए। फेंकने और लपेटने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा था। गृहमंत्री ने मीडियाहाऊस को धमकाया और अच्छे से फेंकी हुई बातों को लपेटने का आदेश देते हुए बाहर आ गया। बाहर आने पर गृहमंत्री ने देखा कि तालाब के किनारे उस राज्य की एक खूबसूरत कन्या तूडामैंपा (तू डाल-डाल मैं पात-पात) अपनी सहेलियों के साथ फेंकू तालाब में स्नान करने आई है। गृहमंत्री यह देख दंग रह गया। वह आगे बढ़ा। तूडामैंपा ने उसकी ओर देखा तो वह उस पर मोहित हो गया। किंतु तूडामैंपा किसी अलग ही मिट्टी की बनी थी। उसने जूड़े में से कमल का फूल निकाला, कान से लगाया, दाँत से कुतरा, पैर के नीचे दबाया और फिर छाती से लगा, अपनी सहेलियों के साथ चली गयी। उसके जाने पर गृहमंत्री निराश हो गया। वह तूडामैंपा के साथ मिलकर अपने राजा फेंकू का नाम रौशन करना चाहता था। राजा फेंकूराम के पास आया और सब हाल सुनाकर बोला, मैं तूडामैंपा के बिना पूर्वी राज्य में आपके जुमलों का प्रचार-प्रसार नहीं कर सकता। पर मुझे न तो उसका स्वभाव मालूम है, न काम करने की स्टाइल। वह कैसे हमसे जुड़ेगी? राजा फेंकूराम ने कहा, भडकाऊलाल तुम इतना घबराओ मत। वह सब कुछ बता गयी है। गृहमंत्री ने पूछा, कैसे? राजा बोला, उसने कमल का फूल सिर से उतार कर कानों से लगाया तो उसने यह बताने का प्रयास किया कि हम जहाँ-जहाँ सिरताज हैं, वहाँ-वहाँ से पटककर हमारे कानों में फूल लगाएगी। दाँत से कुतरा तो उसका मतलब था कि मैं जरूरत पड़ने पर किसी की भी डोर काट सकती हूँ। पाँव से दबाने का अर्थ था कि मेरा नाम तूडामैंपा (तू डाल-डाल मैं पात-पात) है और छाती से लगाकर उसने बताया कि मैं किसी के भी सीने पर मूँग दल सकती हूँ। इतना सुनना था कि गृहमंत्री घबराने के बजाय खुशी से झूम उठा। बोला, इसका साथ मिल जाए तो पूर्वी राज्य को हम अंगुलियों पर नचा सकते हैं। दोनों वहाँ से चल दिये। घूमते-फिरते, जुमले फेंकते, दोनों कई दिनों बाद फिर से पूर्वी राज्य पहुँचे। तूडामैंपा के गाँव में रहने वाले अपने किसी परिचित के हाथों उससे मिलने का संदेशा भिजवाया। अगले दिन जब परिचित तूडामैंपा से मिला तो उसने गृहमंत्री का संदेशा उसे दे दिया। सुनते ही तूडामैंपा ने गुस्सा होकर हाथों में हल्दी लगाकर उसके गाल पर तमाचा मारा और कहा, मेरे घर से निकल जा। परिचित ने वापस आकर सब हाल दोनों को कह सुनाया। गृहमंत्री हक्का-बक्का रह गया। तब राजा फेंकूराम ने कहा, भड़काऊलाल! हमें यहाँ से चले जाना चाहिए। उसके इशारों को समझो। उसने दसों अंगुलियाँ हल्दी में मारीं, इससे उसका मतलब यह है कि हम अपना बोरिया-बिस्तर लपेटे और यहाँ से चले जाएँ। वरना वह हमारी हालत मार-मारकर पीला कर देगी। उसी रास्ते जा रहे एक संन्यासी को दोनों की बातें सुनाई दी। उसने सलाह देते हुए कहा, राजा फेंकू जी! अकेली कन्या जब सब छोड़-छाड़कर किसी के पीछे पड़ जाती है, तो समझ जाना चाहिए कि वह तूडामैंपा है। अब तक आप समझते रहे कि आप से लोहा लेने का साहस किसी के पास नहीं है। किंतु तूडामैंपा आपकी चालों को कॉपी-पेस्ट करते हुए आपकी स्टाइल में आपको जवाब दे रही है। इसीलिए भलाई इसी में है कि आप यहाँ से प्रस्थान करें और अपना बचा-खुचा राजपाट देख लें। वरना लेने के देने पड़ जायेंगे। यह सुन दोनों वहाँ से नौ-दो ग्यारह हो गए।



**गंभीर मुद्दा**

# खेल में सिर्फ जीत ही नहीं होती

निर्मल रानी



विश्व कप क्रिकेट का फ़ाइनल मैच पिछले दिनों अहमदाबाद में भारत व ऑस्ट्रेलिया के मध्य खेला गया। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेटों से पराजित कर दिया। 43 ओवरों में चार विकेट खोकर ऑस्ट्रेलिया ने भारत द्वारा बनाये गये 241 रनों का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। भारत की पूरी टीम 50 ओवरों में मात्र 240 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया की ओर से ट्रेविस हेड ने 137 रन और मार्नस लाबुशेन ने 58 रनों की शानदार पारी खेली । ट्रेविस हेड को प्लेयर ऑफ़द मैच जबकि विराट कोहली को प्लेयर ऑफ़द सीरीज़ घोषित किया गया। जैसे जैसे ऑस्ट्रेलिया की टीम जीत के अपने लक्ष्य के क़रीब पहुँच रही थी,स्वभाविक रूप से भारतीय टीम के प्रशंसकों में मायूसी बढ़ती जा रही थी। हालांकि भारतीय खिलाड़ियों की हौसला अफ़ज़ाई करने के लिये स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह,गुजरात के राज्यपाल व मुख्यमंत्री आदि के साथ स्वयं स्टेडियम में मौजूद थे। इनके अतिरक्त भी राजनीति,उद्योग व सिनेमा जगत के कई चर्चित लोग भारतीय टीम की हौसला अफ़्ज़ाई के लिये स्टेडियम में उपस्थित थे। परन्तु ऑस्ट्रेलिया की सधी गेंदबाज़ी व बल्लेबाज़ी के आगे भारतीय टीम न ही अपेक्षित स्कोर खड़ा कर सकी न ही निर्धारित लक्ष्य 241 को पूरा करने से पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम को आउट कर सकी। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर छह विकेटों से आसान जीत हासिल कर रिकॉर्ड छठी बार वर्ल्ड कप पर कब्ज़ा कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया के छठी बार विश्व विजेता होने के बाद जहां खेल समीक्षकों द्वारा जीत हार के तकनीकी कारणों पर रौशनी डाली गयी वहीं भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की मायूसी से जुड़ी भी तमाम ख़बरों ने सुर्ख़ियां बटोरीं। अत्यधिक विश्वास से लेकर अंधविश्वास तक से लबरेज़ कई समाचार देखने को मिले। कहीं खेल समाप्त होने से पहले ही टी वी स्क्रीन बंद कर दिए गये ,कहीं लोगों को आंसू बहाते देखा गया, कहीं आतिशबाज़ियाँ धरी रह गयीं तो कहीं मिठाइयां बिना बंटे रखी रह गयीं। अलीगढ़ में तो भारत की हार से दुखी किसी व्यक्ति ने अपना टी वी ही फोड़ दिया। यह तो मैच के बाद के कुछ दृश्य थे। जबकि मैच के पहले देश के अनेक प्रमुख ज्योतिषियों व भविष्य वक्ताओं ने भारत की टीम की जीत की भविष्यवाणी कर भारतीय प्रशंसकों में जीत की उम्मीद और भी जगा दी थी। परन्तु इन सब भविष्यवाणियों पर पानी फिर गया। एक नये नवेले,विवादित व बड़बोले कथावाचक जो भविष्यवाणियां भी करते फिरते हैं उन्होंने भी भारत के जीतने की भविष्यवाणी की थी। परन्तु खेल में जीत न तो भविष्यवाणियों से होती है न ही भाग्य भरोसे या दिशा-दशा-ग्रह-नक्षत्र आदि के भरोसे। बल्कि जो अच्छा खेलता है जीत हमेशा उसी की होती है। यही उस ऑस्ट्रेलिया के साथ भी हुआ जिसने छठी बार वर्ल्ड कप जीत कर कीर्तिमान बनाया।



सवाल यह है कि क्या किसी भी देश की टीम के प्रशंसकों को अपने खिलाड़ियों से केवल जीत की ही उम्मीद करनी चाहिये ? भविष्य वक्ताओं को क्या अधिकार है कि वे निरर्थक व अतार्किक भविष्यवाणियां कर लोगों में वह उम्मीद जगायें जो पूरी ही नहीं होनी? देश के एक पेशेवर प्रसिद्ध हिंदी अख़बार ने तो प्रथम पृष्ठ पर यह शीर्षक ही छाप मारा कि- 'आनुसूओं में डूबा देश ' । यह आख़िर कौन सी खेल पत्रकारिता का शीर्षक है ? बात केवल यहीं नहीं रुकी बल्कि एक स्वयंभू 'राष्ट्रवादी गिरोह ' ने तो ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद उसके खिलाड़ियों के कई चित्र फ़ोटोशॉप कर उनका चरित्र हनन करना तक शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने यह भी कहा व लिखा कि वी वी आई पी लोगों के मैच में पहुँचने की वजह से मैच हार गया। कुछ ने स्टेडियम की व्यवस्था व सुरक्षा पर सवाल उठाया। और इन फ़ुज़ूल की बातों में इसी विश्व कप सिरीज़ में भारत की वह उपलब्धियां दबी रह गयीं जिसकी चर्चा भी बेहद ज़रूरी थी। जैसे कि इसी विश्व कप में लगातार 10 मैच जीतकर फ़ाइनल तक का सफ़र तय करने वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने न केवल भारतवासियों बल्कि पूरे विश्व के खेल-प्रेमियों का दिल जीत लिया। भारतीय टीम द्वारा 10 लगातार जीतें हासिल की गयीं जो भारत का किसी भी एक आईसीसी वर्ल्ड कप में सबसे ज़्यादा लगातार जीत का नया रिकार्ड है। न्यूज़ीलैंड के साथ हुये सेमीफ़ाइनल मैच में मोहम्मद समी ने तूफ़ानी गेंदबाज़ी कर दुनिया में तहलका मचा दिया। विश्व कप 2023 में भारतीय टीम को जीत के मार्ग में मिलने वाले भारी अंतर ने भी क्रिकेट जगत में भारत की धाक जमाई। निःसंदेह ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व चैम्पियन ज़रूर बनी परन्तु इसमें भी कोई संदेह नहीं कि भारत ने भी स्वयं को इस विश्व कप की दूसरी सबसे मज़बूत टीम के रूप में स्थापित किया। परन्तु इसमें भला क्या संदेह हो सकता है कि जो ऑस्ट्रेलिया पहले भी पांच बार विश्व चैम्पियन रह चुकी हो छठी बार भी उसी की जीतने की संभावना भी प्रबल थी न की 2 बार की विजेता भारत की? परन्तु कभी कभी बेवजह की राष्ट्रभक्ति,बेवजह के राष्ट्रवाद से परिपूर्ण उन्माद,भविष्यवाणियों का आसरा,अत्यधिक आत्मविश्वास,स्वयं को उम्मीद से अधिक आंकना,और ऐसी भावना का एक वर्ग विशेष में सामूहिक रूप से न केवल जागृत बल्कि हावी हो जाना ही अन्ततोगत्वा उस समय कष्टदायक साबित होता है जब हमारी वही हवाई उम्मीदें भी हवा हवाई साबित हो जाती हैं। और ऐसे में इस वर्ग को मुंह छिपाने और शर्मिंदगी के सिवा कुछ हाथ नहीं लगता। मुझे नहीं पता कि जिन भविष्यवक्ताओं ने भारत की विश्व कप में जीत की गारंटी की भविष्यवाणी की थी वे अब क्या सफ़ाई देंगे। परन्तु हमारा भारतीय समाज इतना भोला है कि ऐसे पाखंडी भविष्यवक्ताओं के जाल में आगे भी बार बार फंसता रहेगा । यदि भारत यह मैच जीत जाता तो पाखंडी भविष्यवक्ताओं के साथ साथ अनेक नेताओं की भी पौ बारह होती। तमाम मौक़ा परास्त लोग इसका राजनैतिक लाभ उठाते। 2024 के चुनाव तक इसे भुनाया जाता। इसमें धर्म और राष्ट्रवाद का तड़का लगाया जाता। परन्तु ऐसे 'विचारवान ' लोगों को निराशा हाथ लगी। पूरे देश को भारत की पराजय का अफ़सोस ज़रूर है परन्तु प्रत्येक देश के प्रत्येक खिलाड़ी व खेल प्रेमी को खेलने या मैच देखने से पहले यह बात अपने मस्तिष्क में बिठा लेनी चाहिए कि खेल में सिर्फ़जीत ही नहीं होती, हार का भी सामना करना पड़ता है। और हार को भी खेल भावना के अनुरूप ख़ुशी ख़ुशी स्वीकार करना चाहिये।

## एक नजर

### मतगणना स्थल पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रियल ड्यूटी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 नवम्बर ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत् 03 दिसम्बर को मतगणना स्थल शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नाथिया नवागांव कांकेर में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रीयल ड्यूटी लगाई गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 ईशान वन प्रवेश द्वार व हॉटल के पास नाथिया नवागांव मतगणना स्थल तक तहसीलदार चारामा श्री उमाशंकर जायसवाल की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर न्यू माकड़ी हॉटल व पंजाबी ढाबा से मतगणना स्थल तक तहसीलदार नरहरपुर श्री सुधीर कुमार खलखो। कॉलेज प्रांगण के पंडाल एवं मेन रोड राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर नायब तहसीलदार सरोना श्री संजय कुमार राय और नायब तहसीलदार कांकेर सुश्री भाग्यश्री। कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार से कॉलेज प्रांगण के पंडाल में नायब तहसीलदार कांकेर श्री अभिषेक देवांगन एवं नायब तहसीलदार कांकेर सुश्री उमेश्वरी देवांगन, मुख्य प्रवेश द्वार से कॉलेज भवन अंदर परिसर में संयुक्त कलेक्टर चारामा श्री राजेश कुमार गोलछा तथा डिप्टी कलेक्टर कांकेर सुश्री आस्था बोरकर। मतगणना कक्ष विधानसभा क्षेत्र-79 अंतागढ़ के लिए तहसीलदार पखांजूर श्री कुलदीप ठाकुर, मतगणना कक्ष विधानसभा क्षेत्र-80 भानुप्रतापपुर के लिए तहसीलदार भानुप्रतापपुर श्री सुरेन्द्र कुमार उर्वशा और मतगणना कक्ष विधानसभा क्षेत्र-81 कांकेर के लिए नायब तहसीलदार कांकेर श्री विकास कुमार जैन की ड्यूटी लगाई गई है।

### मतगणना स्थल सहित नगर पालिका क्षेत्र में शुष्क दिवस घोषित

**उत्तर बस्तर कांकेर, 25 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत मतगणना हेतु नियत तिथि 03 दिसंबर दिन रविवार की तिथि तय की गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने संशोधित आदेश जारी कर उक्त तिथि को मतगणना स्थल क्षेत्र एवं नगर पालिका क्षेत्र कांकेर में स्थित देशी और विदेशी मदिरा दुकान कांकेर की फुटकर दुकानें एवं एफ.एल. 4 (क) व्यावसायिक क्लब हीरा पैलेस कांकेर को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। मतदान अवधि पर उक्त क्षेत्र में मदिरा का सम्पूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### लक्ष्य बनाकर काम करने से सफलता निश्चित मिलती है : अनिता रामटेके

**राजनांदगांव 25 नवंबर।** अल्टोस इंटरप्राइजेज लिमिटेड हेल्थ इस लाइफ के तत्वाधान में साहू सदन टिकरी अर्जुंदा में ड्रीम बिल्डिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती अनीता रामटेके डोंगरगांव थी, उन्होंने अपनी और टीम की कामयाबी को लोगो को बताई। श्रीमती अनीता रामटेके ने कहा कि सन 2006 से नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी से जुड़ी हूं लेकिन अल्टोस में आने से जाना कि एक अच्छी कम्पनी में काम करने उनकी कम्पनी की प्रोफ़ाइल क्या होना चाहिए, उन्होंने कहा कि परिवार में संगठित होकर रहने से बड़ा से बड़ा काम भी आसानी से हो जाता है इसी प्रकार हम सभी को अल्टोस में अभी हम सबको संगठित होकर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज लोगों की जिंदगी में बदलाव लाने का काम अल्टोस इंटरप्राइजेज लिमिटेड ने किया शून्य से लेकर शिखर तक पहुंचने लगे हैं।लक्ष्य बनाकर काम करने से सफलता मिलती है।अल्टोस इंटरप्राइजेज लिमिटेड में कैसे करें बड़े बिजनेस की शुरुआत उन्होंने बताया कि विश्वास हंड्रेड परसेंट करें कंपनी के प्रति, विश्वास रखें अपलाइन के प्रति, उन्होंने आगे कहा कि लक्ष्य बनाएं आने वाले 5 साल में आप कहा पर पहुंचाना चाहते हैं और उस पर अपलाइन के दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करते हुए उसे पर कार्य करें तो सफलता निश्चित ही मिलती है। युनिता गजपाल ने आल्टोस इंटरप्राइजेज लिमिटेड कंपनी की प्रोफाइल को बताई उन्होंने कहा कि सन 2000 से 7 प्रोडक्ट के साथ मल्टी लेवल मार्केटिंग में शुरूआत किया और आज वर्तमान में 350 से भी अधिक प्रोडक्ट कंपनी के मार्केट में उपलब्ध करा रही है।

# दुष्कर्म व हत्या मामले का आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

## भाजपा महिला मोर्चा ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम 25 नवम्बर।** दन्तेवाडा जिले के बारसुर थानां क्षेत्र अंतर्गत जोड़ातराई गाँव में 21 नवम्बर की सुबह शौच जाने के दौरान 33 वर्षीय युवती के साथ बलात्कार कर हत्या करने का मामला सामने आया है, घटना के चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे है, पुलिस की गिरफ्त से अब तक आरोपी बाहर है। इधर घटना के बाद पीड़ित परिवार से मिलने शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा की टीम पहुँची यहां घटना स्थल का भी जायजा लिया गया , घटना की निंदा करते हुए जांच कर दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग महिला मोर्चा व ग्रामीणो ने पुलिस प्रशासन से की है । इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी ने कहा कि युवती के साथ हुए अनाचार पर दोषियों पर जल्द से जल्द कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए । पिछले कुछ समय से आएदिन महिलाओ के साथ अपराध बढ़ रहे है। महिलाएं अब सुरक्षित नजर नही आ रही है । जोड़ातरई में हुई घटना को लेकर प्रदेश व जिला के निर्देश पर महिला मोर्चा की जांच समिति गठित की गई जिसमें घटना स्थल का जायजा लिया गया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कमला विनय नाग, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता , जिला महामंत्री पायल गुप्ता , जनपद अध्यक्ष अन्ति वेक , सुनीता भास्कर , सुभद्रा नेगी , प्रमिला सुराना , संध्या शुक्ला , जिपं सदस्य संगीता नेताम , लता मरकाम समेत महिला मोर्चा की टीम में अन्य महिलाएं शामिल रही ।

### घोटपाल में दियारी त्यौहार मनाने के बाद घर लौटी थी युवती

बताया जा रहा है कि 20 नवम्बर को घोटपाल गांव में दियारी त्यौहार मनाया गया जहा नृत्य भी आयोजित हुआ जिसमे युवती भी शामिल हुई थी । नृत्य के बाद युवती अपने घर जोड़ातरई सुबह लगभग 4 बजे पहुँची जिसके कुछ देर बाद वह घर के पास में ही शौच करने चली गई थी।

### शार्ट पीएम रिपोर्ट में हुई बालात्कार की पुष्टि

बारसुर थाने से मिली जानकारी अनुसार जोड़ातरई गांव में 21 नवम्बर की सुबह लगभग 4 से 5 बजे के बीच शौच करने गई महिला का शव जब सुबह कुछ देर बाद पाया गया तब पुलिस हत्या का रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी थी, वही शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद बालात्कार का भी मामला दर्ज किया गया। बारसुर थानां प्रभारी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा ।

# महुआ शराब बेचते महिला रंगे हाथ पकड़ाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 25 नवंबर।** उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के निर्देशन में बस्तर पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जिस तारतम्य में अवैध शराब बिक्री पर बस्तर पुलिस को कार्यवाही करने में सफलता मिली है।

ज्ञात हो कि सूचना प्राप्त हुआ था कि इंदिरा वार्ड आनंद लॉज के सामने गली में एक महिला द्वारा अपने घर में अवैध देशी महुआ शराब रखकर बिक्री करने की सूचना प्राप्त हुआ है। कि सूचना पर उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक माहेष्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली सुरेष जांगड़े के नेतृत्व में टीम गठित कर, कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। टीम के द्वारा इंदिरा वार्ड में सूचना के आधार पर महिला की पहचान कर, घेराबंदी कर पकड़ कर पुछताछ किया गया। जिन्होने अपना नाम कविता ठाकुर पिता विष्णु ठाकुर उम्र 33 साल नि0 इंदिरा वार्ड आनंद लॉज के गली जगदलपुर का होना बताने पर निशानदेही पर किराये मकान से कब्जे में 04 नग प्लास्टिक जरकीन 5-5 लीटर वाली प्रत्येक जरकीन में 5-5 लीटर भरी हुई देशी महुआ शराब, 5-5 लीटर जरकीन में भरी कुल 20 लीटर देशी महुआ शराब हाथ भट्ठी का बना कुल कीमती 1600/-रूपये को आरोपिया के कब्जे से जप्त किया गया। आरोपिया के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, कार्यवाही किया गया है। मामले में आरोपिया को गिरफ्तार कर, न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने की सफाई व्यवस्था की समीक्षा

- विशेष सफाई अभियान 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक
- कचरा फैलाने वालों पर की जाए नियमानुसार कार्रवाई



**जगदलपुर, 25 नवम्बर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई,कचरा प्रबंधन के कार्य को दुरुस्त करें, इसके लिए विशेष सफाई अभियान 25 नवंबर से 01 दिसंबर तक संचालित करें। कलेक्टर ने सफाई व्यवस्था को सतत निरीक्षण पर जोर देते हुए शनिवार को खुद निरीक्षण दौरे पर रहने की बात कही। शुक्रवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में नगर निगम के सफाई व्यवस्था से संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने निगम अमले द्वारा सफाई करने उपरांत वापस कचरा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उक्त कार्यवाही का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अन्य लोग कचरा प्रबंधन के प्रति सजग हो।

कलेक्टर ने शहर में संचालित एसएलआरएम सेंटर की व्यवस्था, सूखा और गीला कचरा प्रबंधन, स्व-सहायता समूह द्वारा की जा रही कार्यवाही, एमआरएफ सेंटर द्वारा कचरा का प्रबंधन और राजस्व की वृद्धि, कंगोली स्थित लैंड फील्ड साइट की व्यवस्था, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की व्यवस्था, सफाई दरोगा-निरीक्षकों के कर्तव्यों सहित नालियों की लगातार सफाई के संबंध में समीक्षा की और सभी अधिकारियों को उनके दायित्वों का बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सफाई कार्य में सूखा व गीला कचरा का अलग-अलग उठाव करवाने कहा। स्वच्छता कार्यक्रम के तहत कचरा उठाव व प्रबंधन में लगे गाड़ियों का संचालन को व्यवस्थित करने और स्व-सहायता समूह के सदस्यों को 15 दिनों के कार्यों का आँकलन कर समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एनयूएलएम को भी स्वच्छता अभियान में जोड़ने के संबंध में भी चर्चा किया गया। कलेक्टर ने बाबू सेमरा में स्थित कचरा प्रबंधन सेंटर द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से संग्रहित की जा रही सूखा और प्लास्टिक सामग्रियों के उचित प्रबंधन और विक्रय की समीक्षा भी की गई। साथ ही रिसाईक्लीन के लिए व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने मोहारा कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी का लिया जायजा



**राजनांदगांव 25 नवम्बर ।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज राजनांदगांव शहर के मोहारा में शिवनाथ नदी के तट पर 26, 27 एवं 28 नवम्बर 2023 को आयोजित होने वाले मोहारा कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी का जायजा लिया। कलेक्टर ने मेले में दुकानों, शिवनाथ नदी के तट पर स्थित घाट एवं मेला स्थल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कहा कि मेला में राजनांदगांव सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है। श्रद्धालुओं द्वारा स्नान एवं पूजा-अर्चना सहित मेला स्थल का भ्रमण किया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी शिवनाथ नदी के तट पर स्थित घाटों एवं पचरियों सहित संपूर्ण मेला स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने मेला स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल एवं प्रकाश सहित आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को मेला स्थल में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था, बेरिकेटिंग के लिए बांस-बल्ली की व्यवस्था, मेला स्थल पर निरंतर विद्युत प्रवाह जारी रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला स्थल पर लगने वाले झूलों का फिटनेस सर्टिफिकेट एसडीएम राजनांदगांव को प्राप्त करने के निर्देश दिए। मेला स्थल पर एम्बुलेंस के साथ चिकित्सा दल की व्यवस्था, फायर ब्रिगेड तथा शिवनाथ नदी के किनारे स्नान घाटों पर गोताखोरो को तैनात करने निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, तहसीलदार श्री मनीष वर्मा, श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. डीसी जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### प्रधान महालेखाकार कार्यालय में लेखा परीक्षा सप्ताह का आयोजन




**रायपुर 25 नवंबर।** प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) कार्यालय, रायपुर में 20 से 24 नवंबर 2023 तक लेखापरीक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया । भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक संस्था के स्थापना दिवस अवसर पर 16 नवम्बर को हर वर्ष ''लेखापरीक्षा दिवस'' के रूप में मनाया जाता है और इसी उपलक्ष्य में इस वर्ष लेखापरीक्षा सप्ताह मनाया गया । लेखापरीक्षा सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो के महानिदेशक, श्री डी. एम. अवस्थी, छत्तीसगढ़ विधानसभा के सचिव, श्री दिनेश शर्मा, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा) श्री यशवंत कुमार, प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) श्री पी.सी. मांझी सहित विभाग के अन्य अधिकारीगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे। लेखापरीक्षा सप्ताह के दौरान पं. रविशंकर शुक्ल विश?वविद्यालय, रायपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों हेतु शासकीय लेखांकन, लेखापरीक्षा तथा जवाबदेही के विषय पर कार्यशाला, विभिन्न पंचायती राज संस्थाओं तथा शहरी स्थानीय निकायों के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा संबंधित प्रतिनिधियों और0 सदस्यों की कार्यशाला, रायपुर अवस्थित केन्द्रीय कार्यालयों के लिए क्रय-प्रक्रिया तथा जेम पर आधारित कार्यशाला, बिलासपुर में रेलवे के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के मध्य लेखापरीक्षा जागरूकता की कार्यशाला, सिविल लेखे से संबंधित आहरण संवितरण अधिकारियों की तथा कोषालयों, उप कोषालयों तथा वित्त विभाग के अधिकारियो की कार्यशालाओं का आयोजन किया गया । गौरतलब है कि भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक द्वारा आयोजित आनलाइन निबंध प्रतियोगिता में रायपुर के छात्र श्री निखिल कुमार माहेश्वरी को दिल्ली में 16 नवम्बर, 2023 को लेखापरीक्षा दिवस के उद्घाटन अवसर पर भारत के राष्ट्रपति,श्रीमती द्रोपदी मुर्मु के समक्ष प्रथम पुरूस्कार प्रदान किया गया ।

### साथी परियोजना राज्य के कृषकों एवं उद्यमियों के लिये गेम चेंजरः पारवानी



**रायपुर 25 नवंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि कल दिनांक 23.11.2023 को इंदिरा गाँधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर में साथी परियोजना के क्रियान्वयन के संबंध के एक महत्वपूर्ण बैठक संचालक अनुसंधान सेवाऐं इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी की अध्यक्षता में चेंबर प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ। प्रतिनिधि मंडल में चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष श्री मनमोहन अग्रवाल, राम मंधान (डूमर तराई व्यापारी संघ अध्यक्ष), मंत्री निलेश मुंधडा एवं इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, नाफेड नईदिल्ली, फीफा साथी टेक्नोप्रेन्योर्स प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास लिमिटेड, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग रायपुर, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन रायपुर, छत्तीसगढ उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हैन्डीकाफ्ट बोर्ड तथा सेरीकल्चर विभाग के विभिन्न पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। श्री पारवानी जी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि नाफेड भारत सरकार की केंद्रीय कोऑपरेटिव है जो विगत 50 वर्षो से कृषि एवं कृषकों के हित में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। नाफेड द्वारा देश के कृषको की आय दोगुना करने, आत्म निर्भर भारत को बढ़ावा देने तथा मेक इन इंडिया को बढावा देने के दृष्टिकोण से साथी परियोजना संपूर्ण भारत मे प्रारम्भ की गई है। योजना अंतर्गत संपूर्ण भारत के प्रत्येक जिले मे साथी बाजार स्थापित किये जावेगें। यह सभी साथी बाजार आपस मे एक दूसरे से नेटवर्क के माध्यम से जुड़े रहेगें। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के कृषको एवं उद्यमियो को योजना का लाभ देने के दृष्टिकोण से नाफेड के साथ अनुबंध निष्पादित कर योजना के क्रियान्वयन हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय, रायपुर को लीड एजेंसी तथा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड, रायपुर को सहयोग एजेंसी बनाया गया है। योजना के सफल संचालन हेतु राज्य स्तर पर कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता मे तथा जिलो मे कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है ।

## परिचय सम्मेलन एवं स्मारिका विमोचन के साथ दीपावली मिलन समारोह

# लोधेश्वरधाम में 26 को लोधी समागम, देश भर से बिरादरी के लोग जुटेंगे



**रायपुर 25 नवंबर।** लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा ईकाई के बैनर पर इस साल और भी व्यापक व भव्य तरीके से लोधेशवरधाम में 26 नवंबर रविवार को परिचय सम्मेलन एवं स्मारिका विमोचन के साथ दीपावली मिलन का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें पूरे देश भर से सामाजिक सदस्य शामिल हो रहे हैं। अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा विशेष रूप से शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले समाज के सदस्यों को सम्मानित भी किया जायेगा।

अध्यक्ष सुरेश सुलाखे व सचिव प्रहलाद दमाहे ने बताया कि कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल,पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल,लोधी लोधा लोध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा,लोधी समाज के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम वर्मा,राष्ट्रीय कथावाचक साध्वी लोधी दिव्या भारती,लोधेशवरधाम के संयोजक लोधी उत्तम वर्मा प्रमुख रूप से अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे। लोधी समागम में देश भर से बिरादरी के लोग जुटेंगे, विवाह योग्य युवक - युवती शामिल होगें। पिछले वर्षो के परिचय सम्मेलन से कई रिश्ते बने हैं इसलिए लोगों को इस आयोजन का इंतजार रहता है। लोक गायिका लोधी शिवानी जंघेल के द्वारा लोधेशवर भगवान, अमर शहीद वीरागना अवंती बाई लोधी की आरती के साथ-साथ छत्तीसगढ राजगीत अरपा पैरी के धार गीत व दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। समाज की महिला मंडली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जायेंगे। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है । इसमें सैकड़ों की संख्या में विवाह योग्य युवक -युवती का बायोडाटा प्रकाशित किया गया है। वार्षिक कार्यक्रमों व लोधेश्वरधाम के निर्माण में प्रगति पर भी चर्चा होगी।

समाज के विशिष्टजनों में श्री घनश्याम कौशिक महामंत्री राज्य लोधी समाज,जीवन कौशिक संगठन मंत्री राज्य लोधी समाज,विष्णु लोधी कोषाध्यक्ष राज्य लोधी समाज, अंकेक्षक विमल पटेल,श्री बुधराम देवगडे बिल्डर्स बैंगलोर, मेहत्तर लाल कुशले बिल्डर्स बालाजी मंदिर कटंगी लांजी,जयकिशन चंदेले बिल्डर्स हैदराबाद, राजेश सोनकर अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, कुमारी ,कमल सिंह वर्मा, फाउंडर अखिल भारतीय लोधी महासभा, रामप्रसाद कौशल इंदौर, पन्ना सिंह जंघेल संरक्षक झारखंड लोधी महासभा टाटानगर जमशेदपुर, जितेंद्र मोहरे अध्यक्ष बालाघाट, श्रीमती सुनीता जंघेल अध्यक्ष मंडला - बालाघाट महिला प्रकोष्ठ, भरत लाल वर्मा प्रदेशाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा विधायक खैरागढ ,भेरसिंह भाऊ नागपुरे, पूर्व विधायक आमगांव, येशुलाल उपराडे जिलाध्यक्ष भाजपा गोंदिया, राजीव ठकरेले, वरिष्ठ नेता गोंदिया, श्रीमती आशा वर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी राजनांदगांव,बच्चूसिंह राजपूत वरिष्ठ समाजसेवी एवम उद्योगपति औरंगाबाद,रमेश सिंह राजपूत,संचालक नर्सिग कालेज अम्बिकापुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

## एक नजर

### स्वर्णकार महिला मंडल का दीपावली मिलन व आंवला नवमी समारोह



**महासमुंद,25 नवंबर।** वृक्ष कभी इस बात पर व्यथित नहीं होता कि उसने कितने फल खो दिए, वह सदैव नए फलों के सृजन में व्यस्त रहता है। जीवन में कितना कुछ खो गया, इस पीड़ा को भूलकर क्या नया कर सकते हैं। इसी में जीवन की सार्थकता है। प्रकृति और वृक्षों से मनुष्य जीवन को होने वाले लाभों से हमारे पूर्वज ऋषि मुनि सभी परिचित थे। इसलिए हिंदू धर्म में वृक्षों की पूजा करना हमारी संस्कृति और त्योहार रहे हैं। आंवला से मिलती है लंबी आयु, आरोग्य और धन, इसीलिए कार्तिक मास की नवमी तिथि को आंवला वृक्ष की पूजा कर उसके नीचे भोजन कर आंवला वृक्ष में वास करने वाले सभी देवी-देवताओं से अच्छी स्वास्थ्य एवं मंगल कामना की जाती है। छत्तीसगढ़ी स्वर्णकार महिला मंडल द्वारा आंवला नवमी समारोह एवं दीपावली मिलन बड़े धूमधाम से मनाया गया। पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित सोनी(स्वर्णकार) समाज की महिलाओं ने आंवला वृक्ष की परिक्रमा, पूजन एवं आरती के साथ ही दीपावली की मंगल कामना के साथ एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना की। भोजन के उपरांत मनोरंजन के तहत महिलाओं द्वारा कुर्सी दौड़ एवं सिक्का उछालने की प्रतियोगिता हुई। कुर्सी दौड़ में प्रथम ममता सोनी, द्वितीय कुंती सोनी रही। सिक्का प्रतियोगिता में प्रथम डॉली सोनी, द्वितीय जयश्री स्वर्णकार रही। बच्चों की प्रतियोगिता में प्रथम शौर्यदीप सोनी, द्वितीय आर्यन सोनी, सांत्वना पुरस्कार आयुष, आयांश एवं पृथ्वीराज सोनी को प्राप्त हुआ। इस समारोह में सरला सोनी, राखी सोनी, कुंती सोनी, सरोज सोनी, डाली, दीक्षा, बरखा, पूर्णिमा, आशा, सारिका, शिखा सोनी, प्रतिमा, लता सोनी, नीता सोनी आदि उपस्थित रहे।

### शांत्रीबाई कालेज के स्वयंसेवकों ने वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं का किया सहयोग

**महासमुंद,25 नवंबर।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के मतदाता मित्रों द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर के निर्देशन व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी गायत्री चंद्राकर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरुक करने के लिए विगत तीन माह से अनेक कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम द्वारा किया गया। मतदाता जागरुकता अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा रंगोली, नारा लेखन, चित्रकला, स्लोगन, महासमुंद नगर में रैली, मानव श्रृंखला एवं गांवों में जाकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक किया गया। इसी कड़ी में 17 नवंबर को महासमुंद जिले अंतर्गत महासमुंद, खल्लारी एवं बसना विधानसभा के 48 मतदान केंद्रों में महाविद्यालय के 70 स्वयं सेवक मित्रों द्वारा वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने का कार्य किए। इसके अलावा टीम ने सेवा कार्य में लोगों को पानी पिलाने का कार्य किया। आंखों से कमजोर व उम्रदराज महिला व पुरुष को व्हील चेयर के माध्यम से मतदान केंद्र तक पहुंचाने का कार्य किया गया। साथ ही मतदान केंद्रों में साथ सफाई का ध्यान रखा गया। विधानसभा चुनाव के जागरुकता अभियान अंतर्गत मतदान महादान थीम के माध्यम से मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में महाविद्यालय स्टाफ मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी, आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, किशोर कठार, दिव्या चंद्राकर, लुकेश साहू, हीना चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, गीतांजलि देवांगन, सोनाली यादव, यमन सिन्हा, गुलाब चंद्राकर, देवानंद चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, घनश्याम साहू, बलराम चंद्राकर, मानिक लाल तारक, प्रमिला चंद्राकर, मानिक पटेल का विशेष सहयोग रहा। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हीना चंद्राकर एवं घनश्याम साहू ने दी है।

### प्रभात फेरी का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**महासमुंद,25 नवंबर।** गुरुनानक देव की जयंती पर सिख समाज द्वारा प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी निकाली जा रही है। शुक्रवार सुबह गुरुनानक चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने स्वागत किया। उन्होंने समाजजनों से मुलाकात के दौरान गुरुनानक देव से क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की अरदास की। स्वागत के दौरान युवा नेता अरिश अनवर, सगनजोत सिंघ, रोहित गुरुदत्ता, यश चावला, सुखप्रीत, सोहेल खान, युवराज साहू, मेहुल सूचक, संतोष, धनेश, सौरभ इसरानी, गुरु रामगढ़िया आदि मौजूद रहे।

### परसदा में देवउठनी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

**नवापारा राजिम, 25 नवंबर।** समीपस्थ ग्राम परसदा में कार्तिक शुक्ल एकादशी के मौके पर देवऊठनी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तुलसी चबूतरा को गन्ने के मंडप बनाकर सजाया गया।पूरन लाल साहू ने बताया कि देवऊठनी एकादशी को प्रबोधिनी व देवोत्थान एकादशी भी कहा जाता है। वही एकादशी के पर्व पर लोगों ने तुलसी के चौरा सामने दीप जलाकर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर तुलसी माता को साड़ी चढ़ाकर शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह कराया। कहा जाता है कि देवउठनी के एकादशी के दिन से भगवान विष्णु अपने 4 महीने की निद्रा से जागते हैं। अतः आज से ही सारे मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं।



# रायगढ़ सीट पर महिला वोट निर्णायक



**रायगढ़, 25 नवम्बर।** इस विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं ने पुरुषों के मुकाबले अधिक संख्या में मतदान करने की बात सामने आ रही है। बताया जाता है कि प्रदेश में 90 विधानसभा क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या 1.25 करोड़ है। जिसमें इस चुनाव में 78,12,631 महिलाओं ने मतदान में हिस्सा लिया। खास बात यह रही की 50 निर्वाचन क्षेत्र ऐसे हैं जहां पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं ने अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रायगढ़ जिले की बात करें तो खरसिया सीट एकमात्र ऐसी सीट रही जहां पुरुषों के मुकाबले 221 अधिक महिला मतदाताओं ने मतदान करने सामने आई। यह महिला मतदाताओं की बात हम इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इस बार महिला कल्याण योजना को लेकर चुनाव में खूब दावे किए गए। क्या इसका प्रभाव मतदान पर नजर आया और महिलाओं का रुझान किस तरफ ज्यादा रहा इसे समझने की कोशिश की जा रही है। राजनीति गलियारों में मतदान के बाद बहस छिड़ी है कि महिला मतदाता काफी हद तक ज्यादातर विधानसभा क्षेत्र में निर्णायक रहेंगे। रायगढ़ जिले में 2018 और 2023 के विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं के मतदान पर नजर डालें तो स्पष्ट होता है कि 2018 के मुकाबले 2023 की इस चुनाव में लैलूंगा, खरसिया और धरमजयगढ़ क्षेत्र में महिलाओं के मतदान का प्रतिशत करीब-करीब समान ही रहा लेकिन रायगढ़ जिला मुख्यालय के रायगढ़ सीट पर 2018 के मुकाबले महिलाओं के मतदान का प्रतिशत इस चुनाव में 19.6 प्रतिशत अधिक रहा। इस चुनाव में जहां 96 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। वहीं 2018 के चुनाव में रायगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में महज 76.4 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया था। रायगढ़ जिला मुख्यालय की इस सीट पर महिलाओं के मतदान को लेकर बढ़े रुझान को अलग ही नजरिया से देखा जा रहा है।

राजनीति के जानकारों की माने तो प्रदेश के 50 निर्वाचन क्षेत्र में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा होना ऐसे ही रुझान के संकेत है। बताया जाता है कि महिला मतदाताओं के इस रुझान को भाजपा-कांग्रेस दोनों बड़े राजनीतिक दलों के महिलाओं के कल्याण के लिए घोषणा पत्र में किए गए वादे हैं। ऐसी स्थिति में रायगढ़ सीट में 2018 के चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में महिलाओं के बढ़े वोट प्रतिशत को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। ऐसी स्थिति में महिला मतदाताओं के इस बढ़े वोट प्रतिशत की भूमिका बेहद निर्णायक हो सकती है। राजनीति के जानकारों की माने तो भाजपा ने जिस तरह अपने घोषणा पत्र में 12000 वार्षिक अनुदान देने की बात का उल्लेख किया और अधिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को 500 कीमत पर सब्सिडी वाला गैस सिलेंडर देने की बात कही इसका मतदान पर कितना असर पड़ा इसे लेकर के कयास तो लगाए ही जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस के 15000 वार्षिक अनुदान और 500 में सब्सिडी वाला गैस सिलेंडर दिए जाने की घोषणा को लेकर अनुमान लगाया जा रहा है महिलाओं का रुझान किसी ओर रहा। बताया जाता है कि रायगढ़ सीट पर महिलाओं के मतदान में दिखे रुझान को लेकर चुनावी गणित में नफा.नुकसान होने के कयास भी लग रहे हैं। माना जा रहा है रायगढ़ सीट पर महिलाओं का मतदान निर्णायक हो सकता है।

### मतगणना एजेंटों की बैठक, सुरक्षा, मतगणना टेबल की व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

## कलेक्टर-एसएसपी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



रायगढ़, 25 नवम्बर। विधान सभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आगामी 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना हेतु गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज में विधान सभावार मतगणना कक्ष बनाया गया है। जिसका आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल एवं एसएसपी श्री सदानंद कुमार ने निरीक्षण किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, रिटर्निंग ऑफिसर खरसिया श्री रोहित सिंह उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक आवाजाही हेतु कॉरिडोर में बेरिकेटिंग एवं आवश्यक सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल एवं एसएसपी श्री सदानंद कुमार ने विधान सभावार बनाये गये मतगणना कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल, बैठक व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतगणना कक्ष में बेहतर तरीके से तार की जालियां लगाने एवं बाहर से बेरिकेट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोग के निर्देशानुसार गणना अभिकर्ता की बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी विधान सभाओं के लिए स्ट्रॉन्ग रूम से मत गणना कक्ष में मशीनों के मूवमेंट हेतु आवश्यक बेरिकेट्स लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्रॉन्ग रूम से निकलने वाला व्यक्ति गणना कक्ष में पहुंचते तक सीसीटीवी कैमरे की नजर में रहें, इस दौरान उन्होंने मतगणना कक्ष में सीसीटीवी के डिस्प्ले लगाने संबंधी निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रत्याशियों एवं गणना अभिकर्ता के आवाजाही को सहज बनाने सुरक्षा बलों के साथ विधान सभाओं के गणना कक्ष के अलग प्रवेश द्वार तथा अन्य विधान सभाओं के कॉरीडोर में बेरिकेट्स लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी श्री सदानंद कुमार ने प्रवेश द्वार, चेकिंग पॉइंट्स के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

कलेक्टर श्री गोयल ने स्ट्रॉग रूम की आवाजाही का निरीक्षण करते स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों से चर्चा करते हुए विधान सभा के रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा किए गए निरीक्षण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निरीक्षण पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने मीडिया सेंटर स्थान की जानकारी ली। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव पाण्डेय ने बताया कि सभी अभ्यर्थी प्रत्येक मतगणना टेबल पर मतगणना एजेंट नियुक्त कर सकते हैं, इसके लिए दिनांक 29 नवम्बर 2023 शाम 05 बजे तक संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर्स के कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। केआईटी कॉलेज के बाहर मीडिया सेंटर के साथ उद्घोषक कक्ष बनाया जा रहा हैं, जहाँ पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मीडिया को मतगणना के संबंध में आवश्यक जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर श्री गोयल ने मोबाइल एवं गेजेट्स चेकिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्ट्रॉन्ग रूम मूवमेंट की सीसीटीवी अवलोकन हेतु राजनीतिक पार्टी के निर्वाचन अभिकर्ता से कलेक्टर श्री गोयल ने चर्चा भी किए।

## अवार्ड सेरेमनी संतोषम में रायगढ़ सेवांजलि सम्मानित

**रायगढ़, 25 नवम्बर।** ऑल इंडिया लीनेस की चौथी केबिनेट कॉन्फ्रेंस एवं अवॉर्ड सेरेमनी संतोषम का आयोजन मुख्य अतिथि मल्टीपल एडमिनिस्ट्रेटर अंजना जी जैन और डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ली सोनाली जी ओस्तवाल के नेतृत्व में खुशनुमा माहौल में शहडोल में संपन्न हुआ । इस कॉन्फ्रेंस में दोनों राज्यों मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के लगभग 65 लीनेस क्लबों से 200 से भी अधिक लीनेस सदस्य उपस्थित रही। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों की सभी लीनेस क्लबों के वर्ष 2023 में संपन्न सभी सेवा कार्यो की समीक्षा की गई जिसके अंतर्गत रायगढ़ सेवांजली क्लब के वर्ष 2023 में प्रशासनिक और सेवा गतिविधियों के सतत उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर ऑल इंडिया लीनेस क्लब रायगढ़ सेवांजली को श्रेष्ठ क्लब, सेवांजली अध्यक्ष ली लता बघेल को निरुपम अध्यक्ष,



सेवांजली सचिव ली ममता चौहान को निरुपम सचिव और सेवांजली कोषाध्यक्ष ली प्रिया पांडेय को निरुपम कोषाध्यक्ष के संबोधन से नवाजा गया साथ ही चार चेयर पर्सन अवार्ड, 2 माइक्रो चेयरपर्सन अवार्ड, शरारत डांस के 2 अवार्ड और लीनेस क्लब में अति महत्वपूर्ण व प्रतिष्ठित सम्मान श्रेष्ठ बैनर प्रेजेंटेशन सहित सेवांजली रायगढ़ को कुल 21 पुरस्कार हासिल हुए । डिस्ट्रिक कॉन्फ्रेंस में सभी पदाधिकारियों ने रायगढ़ सेवांजली के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। लीनेस क्लब रायगढ़ सेवांजली का गठन एरिया ऑफिसर ली सुमिता पांडेय के नेतृत्व में 3 सितंबर 2021 को किया गया था।

क्लब गठन के पश्चात सेवांजली रायगढ़ ने ढाई वर्षो के अल्प कार्यकाल में अनेकों सेवा कार्यक्रम संपन्न किए। सेवांजली के कार्यों में पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन, जन सेवा, वरिष्ठ जन सम्मान, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, बच्चों के लिए पौष्टिक आहार वितरण, महिला उत्थान एवं स्वावलंबन, बच्चों के शारीरिक मानसिक विकास के लिए सेमिनार, एंटी डिप्रेशन वर्कशॉप, शिक्षक सम्मान, समाज के सर्वहारा वर्गों के उत्थान, जन जागरूकता एवं चेतना से संबंधित विभिन्न जन सहयोग व सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहडोल मध्य प्रदेश में आयोजित इस कांफ्रेंस व अवॉर्ड सेरेमनी में रायगढ़ सेवांजली से एरिया ऑफिसर ली सुमिता पांडेय, अध्यक्ष ली लता बघेल, उपाध्यक्ष ली रजनी मिश्रा, कोषाध्यक्ष ली प्रिया पांडेय, चेयरपर्सन ली सुधा मिश्रा, ली प्रतिभा सिंह एवं ली बबली कुलवेदी शामिल हुई। कॉन्फ्रेंस से वापस आने पर रायगढ़ सेवांजली के सदस्यों ने अपने पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया और कॉन्फ्रेंस में सेवांजली रायगढ़ को मिले कुल 21 उत्कृष्ट पुरस्कारों के लिए प्रसन्नता व्यक्त की ।

## उपार्जन केन्द्र में उम्मीद से कम पहुंच रहा धान



**पत्थलगांव, 25 नवंबर।** विधानसभा चुनाव का असर धान उपार्जन केन्द्र मे भी देखने को मिल रहा है। सत्ता मे आने के लिए प्रत्याशीयों द्वारा की गयी घोषणा की वजह से किसान उपार्जन केन्द्र मे धान लाकर बेचने मे हिचकिचा रहे है,किसानो के अंदर संशय है कि किस सरकार का गठन होगा जिसके बाद वे धान के समर्थन मूल्य मे अपना वादा पूरा करेंगे। 1 नवंबर से उपार्जन केन्द्रो मे धान की खरीदी शुरू हो चुकी है,परंतु 23 दिन बीतने के बाद भी उपार्जन केन्द्र मे उम्मीद से कम धान की खरीदी हो पायी है। पत्थलगांव ब्लाक की बात करें तो अब तक कुल 3900 क्विंटल धान की ही खरीदी हो पायी है,प्रबंधक ने बताया कि पत्थलगांव ब्लाक मे कुल 12 हजार 670 पंजीकृत किसानो की संख्या है। 1 नवंबर को धान खरीदी की बोहनी भी नही हो पायी थी,विधानसभा चुनाव बीतने के बाद 20 नवंबर से उपार्जन केन्द्रो मे धान खरीदी शुरू हो पायी है। उन्होने बताया कि ब्लाक के आठ केन्द्रो मे किसानो द्वारा धान लाकर बेचा जा रहा है,धान की खरीदी इस बार बायोमैट्रिक तरीके से की जा रही है,बताया जाता है कि इस बार पत्थलगांव धान उपार्जन केन्द्र मे किसानो की संख्या घट गयी है,जिसका कारण ग्राम गाला मे नये उपार्जन केन्द्र का होना बताया जा रहा है। यहा के प्रबंधक ने बताया कि ग्राम गाला मे धान उपार्जन केन्द्र की शुरूवात होने से 500 से भी अधिक किसान वहा अपना धान बेच सकेंगे,जिसके कारण पत्थलगांव धान उपार्जन केन्द्र मे किसानो को लंबी लाईन या टोकन लेने की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा,इसी तरह तमता,केराकछार,घरजियाबथान,किलकिला,लुडेग,काडरो मे भी धान खरीदी की शुरूवात हो चुकी है।

### गुरूनानक जन्मोत्सव से पहले प्रभातफेरी

#### 27 को प्रथम गुरू का मनाया जायेगा प्रकाश उत्सव

**पत्थलगांव,25 नवंबर।** सिक्खो के प्रथम गुरू गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व मनाने के लिए सिक्ख समाज द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। आकर्षक तरीके से गुरूद्वारे को सजाया जा रहा है,27 नवंबर दिन सोमवार को सिक्खो के धर्म गुरू गुरूनानक देव का प्रकाश उत्सव सिक्ख समाज द्वारा बडे ही हर्षो उल्लास से मनाया जायेगा,इस बार प्रकाश उत्सव पर निकलने वाली शोभा यात्रा का आयोजन एक दिन पूर्व ही किया जा रहा है,गुरूसिंग सभा के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह भाटिया(कुक्कु) ने बताया कि गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व के रोज अनेक कार्यक्रम आयोजित होने के कारण शोभा यात्रा मे काफी विलंब हुआ करता था,जिसके कारण समाज के वरिष्ठो की सलाह पर इस बार प्रकाश पर्व से एक दिन पूर्व दोपहर पश्चात शोभा यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी। उन्होने बताया कि प्रकाश पर्व से पूर्व सुबह के दौरान प्रभातफेरी निकाली जा रही है,21 नवंबर से प्रभातफेरी की शुरूवात हो चुकी है,जिसका विराम 25 नवंबर को किया जायेगा,उन्होने बताया कि प्रकाश पर्व से पूर्व गुरूद्वारे मे युवक युवती,बच्चे एवं महिला पुरूषो के लिए विभिन्न प्रकार के खेलकुद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन कराया जा रहा है,यह कार्यक्रम 20 नवंबर से शुरू किये गये है,जो प्रकाश पर्व के एक दिन पूर्व तक चलते रहेंगे,जिसमे बैडमिंटन,क्रिकेट,कैरम,हौजी,निशाना लगाओ,म्युजिकल गेम एवं बौद्धिक विकास से संबंधित प्रतियोगितायें आयोजित करायी जा रही है। वही समाज के युवक युवती एवं बच्चो के लिए सिक्ख समाज का इतिहास से संबंधित भी प्रतियोगितायें रखी गयी है। उन्होने बताया कि प्रकाश पर्व को सफल बनाने मे गुरूसिंग सभा के पूर्व अध्यक्ष गुरूदयाल सिंह भाटिया,अमरजीत सिंह भाटिया(काक्के),मनजीत सिंह भाटिया,सिंदर सिंह भाटिया, सरनजीत सिंह भाटिया, परमजीत सिंह भाटिया, गुरूशरण सिंह भाटिया,सतविंदर सिंह भाटिया,सन्नी भाटिया,शैंकी मेहरा एवं अन्य समाज के लोग लगे हुये है।



## समाचार संक्षेप

### नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन

**बीजापुर 25 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के दिशा-निर्देशन में 25 नवम्बर दिन शनिवार को जनपद पंचायत बीजापुर में प्रातः 10:30 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि उक्त शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आमजन जुड़कर अपना स्वास्थ्य परिक्षण करवायें एवं रक्तदान शिविर में भाग लेकर लोगों के जीवन बचाने में अपना सहयोग प्रदान करे।

### कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कार्य करने वाले दो कार्यकर्ता निष्कासित

**बीजापुर 25 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** बीजापुर विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने का मामला संज्ञान में आने के बाद ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राप्त निर्देशानुसार कांग्रेस कार्यकर्ता टी. गोवर्धन ग्राम तिमेड़ भोपालपतनाम एवं पेरे पुलैया ग्राम कोमटपल्ली मद्देद को 6 वर्षो के लिए पार्टी से निष्कासित किया गया है।

### पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन

**रायगढ़, 25 नवम्बर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 नवंबर से 4 दिसंबर 2023 तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। परिवार नियोजन में पुरूष की भागीदारी को बढ़ावा देने और नसबंदी तरीको व उपयोग को बढ़ावा देने के लिए हर साल पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं पर ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण और सुनिश्चित पुरूष परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की जा रही है। यह पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित किया जायेगा। पहला चरण मोबालाइजेशन एवं द्वितीय चरण सेवा वितरण चरण के रूप में मनाया जायेगा। गांव-गांव में स्वास्थ्य विभाग के महिला पुरूष कार्यकर्ता के द्वारा पुरूष नसबंदी पखवाड़ा को लेकर जागरूकता अभियान पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पुरूष नसबंदी में मात्र 10 मिनट का समय लगता है। बिना चीरा, टाँका के आपरेशन किया जाता है एवं नसबंदी के तुरंत बाद घर जा सकते है। पुरूष नसबंदी के पश्चात सामान्य कार्य प्रारंभ कर सकते है। पुरूष नसबंदी के पष्चात हितग्राही के खाते मे प्रोत्साहन राशि के रूप में 3000 रूपये दिये जाते है एवं प्रेरक को 300 रूपये दिये जाते है पुरूष नसबंदी सरल, सुरक्षित आसान विधि है। इसलिए योग्य इच्छुक लाभार्थी आगे आकर इस विधि का चुनाव कर लाभ उठाये।

### विधिक जागरूकता शिविर में पास्को एक्ट एवं साइबर अपराध के बारे में दी गई जानकारी





**राजिम,25 नवंबर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा ) नई दिल्ली के निर्देशन व छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के म सचिव महोदय प्रवीण मिश्रा के नेतृत्व मे पैरा लीगल वालेंटियर कोमल निषाद थाना पाण्डुका के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे नालसा के विभिन्न योजनाओं तथा क़ानून की जानकारी दी गयी.कोमल निषाद (पैरा लीगल वालेंटियर) ने बताया कि नेशनल लोक आदलत 16 दिसम्बर 2023 को आयोजन किया जायेगा.साथ साथ नालसा के कार्य,रैंगिंग, साइबर अपराध,निरोधक कानून ,पाक्सो एक्ट, बचपन बचाओ आंदोलन, दैनिक उपयोगी कानून निशुल्क विधिक सहायता योजना, बच्चों के लिए बाल-सुलभ विधिक सेवाएं और उनका संरक्षण योजना 2015 के बारे में जानकारी दी गयी.संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि विधिक जागरूकता से विधिक संस्कृति को बढ़ावा मिलता है, क़ानून के निर्माण में लोगों कि भागीदारी बढ़ती है और क़ानून के शासन कि स्थापना की दिशा में प्रगति होती है.यह छात्रों के सम्पूर्ण विकास व विधिक साक्षरता के दृष्टिकोण से शिविर को बेहद लाभकारी बताया.इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,नरेन्द्र कुमार वर्मा, गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे, नकुल साहू, रुद्रप्रताप साहू, दुष्यंत साहू, तोमन साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### 26 नवम्बर को मनाया जाएगा संविधान दिवस

**कांकेर, 25 नवम्बर ।** भारत सरकार द्वारा डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में भारत सरकार संसदीय कार्य मंत्रालय के द्वारा वेब पोर्टल का निर्माण किया गया है, जिसके तहत भारत के संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का ऑनलाइन पाठन हेतु (readpreamble.nic.in) एवं 'भारत लोकतंत्र की जननी' विषय पर ऑनलाइन क्वीज हेतु (constitutionquiz.nic.in) वेब पोर्टल बनाया गया है। यह वेब पोर्टल 26 नवम्बर 2023 को उपलब्ध रहेगा तथा इसमें भारत के नागरिक भाग लेकर प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## एक नजर

### भूविस्थापित कर रहे नौकरी का इंतजार

**कोरबा, 25 नवंबर।** ग्राम नरईबोध के आसपास के जमीनों को गेवरा परियोजना ने खदान विस्तार के लिए अधिग्रहित किया है। अनेकों भूविस्थापितों को नौकरी दी जा चुकी है। लेकिन 51 डिसमिल वाले भूविस्थापित नौकरी का इंतजार कर रहे हैं। उनके द्वारा कई बार गेवरा कार्यालय जाकर गुहार भी लगाया गया था कि 51 डिसमिल वाले खातेदारों को भी नौकरी की पात्रता है लेकिन उन्हें नौकरी देने में क्यों देरी की जा रही है। इसी तरह नरईबोध क्षेत्र के आसपास के 600 मकानों की नापी की जा चुकी है। लेकिन उन्हें अभी तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। मकान मालिक मुआवजा मिलने के बाद ही अपने आवासों को खाली करेंगे। नापी हुए काफी लंबा समय गुजर चुका है। इधर भूविस्थापित नौकरी नहीं मिलने के कारण रोजी-रोटी के लिए तरस रहे हैं। काम नहीं मिलने के कारण वे बेरोजगार हैं और लगातार गुहार भी लगा रहे हैं।

### बेजा कब्जा को रोकने ग्राम समिति उठाएगी कदम

**कोरबा, 25 नवंबर।** सर्वमंगला नगर वार्ड क्रमांक 54 के छोटे दशहरा मैदान में मंगलवार को ग्राम समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें अनेक विषयों पर चर्चा की गई। प्रमुख रूप से वार्ड में बिक रहे अवैध शराब को प्रतिबंधित करने के अलावा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने को प्रतिबंधित किया गया है। ऐसा नहीं करने वालों से 2 हजार रु का जुर्माना वसूला जाएगा साथ ही ऐसे लोगों पर पुलिस में शिकायत भी की जाएगी। इसके अलावा वार्ड में हो रहे बेजा कब्जा को रोकने, गांव में लगने वाले हाट बाजार को व्यवस्थित करने, पुनर्वास ग्राम सर्वमांगला नगर क्षेत्र के मोहल्लों में एसइसीएल के माध्यम से विकास कार्य कराने, फोरलेन सडक के पास हो रहे बेजा कब्जा को रोकने के अलावा वार्ड में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। बरमपुर रोड पर स्थित सूखे तालाब को पाटकर सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए उपयोगी बनाने सहित 12 बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

### बालको में मनाई गई आंवला नवमी

**कोरबा, 25 नवंबर।** कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी पर आंवले के पेड़ की पूजा के साथ व्रत किया जाता है। इसे आंवला नवमी कहा जाता हैं। इस दिन आंवले के पेड़ का पूजन कर परिवार के लिए आरोग्यता व सुख -समृद्धि की कामना की जाती है। आंवला नवमी पर्व के शुभ अवसर पर श्रीराम मंदिर बालको नगर क्षेत्र में नगर निगम नेता प्रतिपक्ष एवं राम मंदिर सेवा समाज के अध्यक्ष हितानंद अग्रवाल, सचिव सुधीर शर्मा सहित अनेक भक्तजन आंवला नवमी की पूजा-अर्चना में शामिल हुए। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल ने कहा कि आंवला नवमी स्वयं सिद्ध मुहूर्त भी है, इस दिन दान, जप व तप सभी अक्षय होकर मिलते हैं अर्थात इनका कभी क्षय नहीं होता हैं। भविष्य, स्कंद, पद्म और विष्णु पुराण के मुताबिक इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। पूजा के बाद इस पेड़ की छाया में बैठकर खाना खाया जाता है। ऐसा करने से हर तरह के पाप और बीमारियां दूर होती हैं। इस दिन किया गया तप, जप, दान इत्यादि व्यक्ति को सभी पापों से मुक्त करता है तथा सभी मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाला होता है।

### राजस्व प्रकरणों की सुनवाई नहीं होने से चार हजार से अधिक प्रकरण लंबित

**कोरबा, 25 नवंबर।** आचार संहिता लागू हैं, तीन दिसंबर को मतगणना होनी है। इसके बाद नई सरकार के गठन होने के बाद ही राजस्व विभाग के कामकाज में तेजी आएगी। ऐसे में एक से से डेढ़ महीने का और इंतजार करना पड़ेगा। ऐसे में पक्षकार और उनके अधिवक्ता परेशान हो रहे हैं। कई मामले हैं जिनमें सुनवाई पूरी हो चुकी है, सिर्फआदेश जारी होना शेष है। पक्षकार ऐसे मामलों में जल्द निर्णय करने की मांग कर रहे हैं।विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुकी है। तीन दिसंबर को मतगणना होनी है। इसके पहले दो महीने से अधिकारी चुनाव की तैयारियों में व्यस्त रहे। लंबे समय से प्रकरणों की सुनवाई नहीं होने से चार हजार से अधिक प्रकरण लंबित हैं। इन चार हजार प्रकरणों में करीब 1600 प्रकरण बीते छह महीने में सामने आए हैं। चुनाव के ठीक पहले आए नए प्रकरणों की सुनवाई तो शुरु ही नहीं हो सकी है। इनमें कुछ में एक-दो सुनवाई हुई है, लेकिन ज्यादातर अधर में लटके हुए हैं। राजस्व अधिकारियों के व्यस्तता की वजह से इन प्रकरणों पर कार्रवाही नहीं हो सकी है।

# मॉडल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाए हुनर

## विद्यार्थियों ने बनाए जल प्रदूषण, पर्यावरण संरक्षण व अन्य विषयों से संबंधित 45 मॉडल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**छुरा, 25 नवम्बर।** छुरा नगर के शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में कॉमर्स संकाय द्वारा प्रतिवर्ष की भांति मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विद्यार्थियों द्वारा 45 मॉडल बनाए गए थे जिसमें विषय जल प्रदूषण पर्यावरण संरक्षण, जी एस टी, बैंकिंग, एटीएम, चॉकलेट मशीन, चंद्रयान-3, मुद्रा का विकास, शहरी विकास, ओजोन परत, वीवीपैट, कंप्यूटर, मार्केटिंग, चेक के प्रकार, लोन के प्रकार, ऑनलाइन बिजनेस, पंचवर्षीय योजना, उद्योग, बाजार, यातायात, रोजगार, कृषि इत्यादि विषयों पर मॉडल बनाए गए थे।

इन प्रतियोगिताओं के लिए निर्णायकगण के रूप में केशव साहू स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम रेनू देवांगन शासकीय उच्चतर विद्यालय खड़मा, भोजराज साहू स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भूपत कन्नौज निर्णायक थे निर्णयको द्वारा प्रथम स्थान विषय (वितरण वाहिका) कु.भावना साहू, राधिका, सोनाली यादव कक्षा बारहवीं रही।द्वितीय स्थान विषय (लोन के प्रकार) कु.कुमकुम ध्रुव, गीतांजलि, तनु ने प्राप्त किया तृतीय स्थान विषय (पहले का व्यवसाय, अब का व्यवसाय )कु रौनक डाली, राखी ने स्थान प्राप्त किया इस मॉडल प्रतियोगिता के अतिथि गण श्याम चंद्राकर खेल अधिकारी जिला गरियाबंद, मनोज केला उत्कृष्ट कार्यक्रम के प्रभारी गरियाबंद, सलीम मेमन एल्डरमेन, प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू, प्रदीप मिश्रा, शीतल ध्रुव समाजसेवी थे अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया।

अतिथियों द्वारा मॉडल प्रतियोगिता का अवलोकन किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत आयोजक शिक्षिका सीमा सिंह, नेहा जायसवाल एवं विद्यार्थियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं तिलक लगाकर किया गया इस मॉडल प्रतियोगिता के संबंध में शिक्षिका सीमा सिंह ने बताया।मुख्य अतिथि श्याम चंद्राकर ने कहा इस विद्यालय में प्रतिवर्ष मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं एवं अनेक प्रकार के शिक्षा संबंधी गतिविधियां किया जाता है इससे विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट होता है अपने प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और यही आगे चलकर विद्यार्थी होनहार होंगे जिस प्रकार मॉडल प्रतियोगिता के लिए अपने कड़ी मेहनत किया है वैसी ही वार्षिक बोर्ड परीक्षा राज्य में टॉप परिणाम आना चाहिए शिक्षिका सीमा सिंह विद्यार्थियों के लिए अच्छे कार्य कर रहे हैं। सलीम मेमन ने कहा अपनी पढ़ाई पर अच्छी मेहनत करें परिणाम खुद अच्छा आएगा साथ ही साथ संस्था का नाम माता-पिता गुरुजनों का विद्यालय का नाम रोशन करें कार्यक्रम को प्राचार्य कृष्ण कुमार साहू ने भी संबोधित किया।

प्रथम द्वितीय तृतीय मॉडल प्रतियोगिता आने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया आयोजक परिवार द्वारा अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट किया गया कार्यक्रम का आभार शिक्षिका नेहा जायसवाल ने किया कार्यक्रम में मोहन ध्रुव नागेंद्र देवांगन मानसिंह मारकंडे प्रमुख स्वरूप से विद्यार्थी जया, आरती, विद्या, मनीषा, उर्वशी राधिका, देविका, दीप्ति, मुस्कान, पूजा, जागृति, भगवती खुशबू, मधु, सुष्मिता, मीनाक्षी, गजेंद्री, साधना सेवती, तनुजा, दिव्या, भावना, उषा, विनीता, लक्ष्मी, गायत्री, सीमा, वर्षा का विशेष सहयोग रहा।

## आखिर कब होगी जांच और कब मिलेगा न्याय?

# क्रशर प्लांट हादसे में युवक की मौत 4 दिन बाद भी नहीं पहुंचे जिम्मेदार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**कसडोल, 25 नवम्बर।** कसडोल के कोट (देवरीकला) ग्राम में 4 दिन पहले आशु मिनरल्स एंड क्रशर प्लांट में मशीन की मरम्मत करते वक्त एक युवक हादसे का शिकार हो गया। . जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया!. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है लेकिन घटना के 4 दिन बीतने बाद भी अब तक राजस्व और खनिज विभाग की टीम जांच के लिए नहीं पहुंची है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि अधिकारी गहरी नींद में सो रहे हैं क्या ? आखिर अब तक जांच के लिए क्यों नहीं पहुंचे ? जिम्मेदारों का ये रवैय्या उनकी लापरवाही को साफ दिखाता है।

बता दें कि, 4 दिन पहले कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम कोट ( देवरी कला ) में स्थापित आशु मिनरल्स एंड क्रशर प्लांट में मशीन की मरम्मत करते वक्त ऊपर से कोई भारी चीज धर्मेन्द्र केंवट नामक युवक पर गिर गई। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हुआ। जिसे तत्काल इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया । जहां उसने दम तोड़ दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी दीपक झा ने जांच के निर्देश दिए हैं।

जिले के खदानों में हो रही दुर्घटनाओं की जानकारी बलौदाबाजार के जिला खनिज विभाग को नहीं रहती है। इस घटना की जानकारी भी खनिज विभाग को नहीं है। सवाल यह उठता है कि क्रेशर संचालक द्वारा क्या सुरक्षा मानकों का प्रयोग किया जा रहा है या नहीं किया जा रहा है ? इसके अलावा वहां कार्यरत मजदूरों का श्रम विभाग में पंजीयन है या नहीं ? जब यह घटना घटी तब मृतक के साथ उसके साथ कार्यरत मजदूर क्या सुरक्षा उपकरण लगाए थे? इस बारे में अभी तक 4 दिन बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन का एक भी जिम्मेदार अधिकारी चाहे वह राजस्व का हो या श्रम विभाग या फिर खनिज विभाग का जांच करने के लिए नहीं पहुंचा है।

वहीं इस बारे में कसडोल थाना प्रभारी ने बतलाया कि मामले में एफआईआर दर्ज की गई है साथ ही खनिज विभाग को पत्र लिखकर जांच कर अवगत कराने कहा गया है. जैसे ही उनके द्वारा जानकारी दी जाती है, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गौठानों में चारा-पानी की हो पर्याप्त व्यवस्था

## सभी जनपद सीईओ को कलेक्टर ने दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 25 नवम्बर।** गौठानों में चारा पानी उपलब्धता नही होने की शिकायतों को कलेक्टर चंदन कुमार ने बड़ी गंभीरता से लिया है। उन्होंने आज बैठक कर सभी जनपद पंचायत सीईओ को गौठानो में पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था करने कहा है। कुमार ने दो टूक कहा कि इसके लिए हम चुनाव ड्यूटी का बहाना नहीं बना सकते चुनाव के कार्यों के साथ साथ ही गौठानो के व्यवस्था संबधित मूलभूत कार्यों को करना अनिवार्य है। इसके लिए आप सभी सचिवों की रूटीन में ड्यूटी लगवाईएं। किसी भी स्थिति में गोठान के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होने पशु चिकित्सा विभाग को सभी गोठनो में जाकर पशुओ का नियमित स्वास्थ्य चेकअप करने कहा गया है। आवश्यकता पड़ने पर आप सभी गोठनो में शिविर लगाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने भी सभी जनपद सीईओ को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने एवं प्रतिदिन रिपोर्ट करने कहा गया है। उक्त बैठक में सभी जनपद सीईओ, उपसंचालक कृषि, पशु चिकित्सा विभाग सहित पंचायत विभाग के नोडल अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### छात्रों का खर्च उठा रहा बीकेकेएमएस

**कोरबा, 25 नवंबर।** पिछले दिनों बीकेकेएमएस बिलासपुर संभाग कार्यसमिति की बैठक कुसमुंडा में आयोजित की गई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि वनवासी आश्रम में रह रहे 6 छात्रों के लिए 30 हजार रुपए का चेक प्रदान किया जाएगा। इसके पहले भी बीकेकेएमएस के कार्यकर्ता इन छात्रों के लिए पैसा जमा करते रहे हैं। बीकेकेएमएस के इस कार्य की कोयला कामगारों ने सराहना की है। उनका कहना है कि उनका पैसा सही कार्य के लिए खर्च हो रहा है। इसी तरह बीकेकेएमएस के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर गर्म कपड़े बांटे जाते हैं। यह सब कार्य राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकेश्वर राठौर, लक्ष्मण चंद्रा के नेतृत्व में हो रहा है। आयोजित बैठक में अश्वनी मिश्रा, अमिया मिश्रा, प्रीतम राठौर, रंजय सिंह, अशोक सूर्यवंशी, वीरेंद्र राठौर सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### शादी समारोह मे तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा



**भाटापारा, 25 नवम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अग्रसेन भवन में शादी समारोह के दौरान तीव्र आवाज से डीजे बजाने वाले के विरूद्ध कार्यवाही की। उसके विरूद्ध धारा 04, 05, 15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के दिशा निर्देश एवं निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के मार्गदर्शन में अग्रसेन भवन में शादी समारोह में डीजे साउण्ड सिस्टम लगा हुआ है के संचालक सुनील कावरे पिता शंकर लाल कावरे उम्र 43 साल साकिन बजरंग वार्ड द्वारा तीव्र आवाज में डीजे साउण्ड सिस्टम चलाते बजाते मिला उसके खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक योगिता बाली खापर्डे, प्र.आरक्षक दिलीप टोप्पो, जेठूराम मनहरे आर. संतोष पैकरा का विशेष योगदान रहा।

### बनारस की तर्ज पर कोरबा में होगी हसदेव की महाआरती : क्रांति सेना

**कोरबा 25 नवम्बर।** हिंदू क्रांति सेना के तत्वावधान में कोरबा के सर्वमंगला मंदिर घाट पर देव दीपावली के उपलक्ष्य में हसदेव महाआरती का आयोजन 27 नवंबर की शाम पांच बजे किया जाएगा। यह आयोजन बनारस के देव दीपावली की गंगा आरती की तर्ज पर किया जाएगा। हिंदू क्रांति सेना के अध्यक्ष राहुल चैधरी ने बताया कि आयोजन की तैयारी में समिति के कार्यकर्ता पिछले एक महीने से लगे हुए हैं। आरती की तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है। सर्वमंगला मंदिर घाट को बनारस की तर्ज पर सजाया जा रहा है। बनारस से पंडित भी इस आरती के लिए कोरबा आ रहे हैं। पूजा और हवन कोरबा के ब्राहमणों द्वारा किया जाएगा। चैधरी ने बताया कि पिछले साल भी हिंदू क्रांति सेना ने सर्वमंगला मंदिर घाट पर हसदेव महाआरती का भव्य आयोजन किया था। इस साल की महाआरती उससे भी खास होगी। इस बार के हसदेव महाआरती में दर्री, बालको, कुसमुंडा, कटघोरा, पाली एवं उरगा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे कोरबा एवं आस पास के जिलों से भी श्रद्धालु सम्मिलित होंगे। पिछले साल 20 हजार के आस-पास श्रद्धालु हसदेव महा आरती में शामिल हुए थे। राहुल चैधरी ने बताया कि हसदेव महा आरती को सफल बनाने के लिए 100 से अधिक कार्यकर्ता तैयारी में लगे हैं। यह आयोजन लोगों को देव दीपावली के दिन दीपदान करने और आरती करने के विशेष महत्व को बताने हेतु किया जा रहा है साथ ही नदियों की महत्ता बताने तथा उनके संरक्षण हेतु प्रयास करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। जिसमें 30 हजार से अधिक श्रद्धालु भाग लेंगे। महाआरती 2023 में मुख्य आकर्षण के केंद्र में 11000 दीप प्रज्वलन, 2100 दीपदान, 51 लीटर दूध में दुधाभिषेक, 51 मीटर चुनरी भेंट, बनारस के पंडितों द्वारा महा आरती, भव्य आतिशबाजी, साउंड एवं साइट शो, लेजर लाइट शो, भजन संध्या, पुष्प वर्षा के अलावा झांकी व ब्राहमणों द्वारा शंखनाद भी किया जाएगा।

### मलेरियामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान एवं मच्छरदानी वितरण प्रशिक्षण आयोजित

**कांकेर, 25 नवम्बर।** मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का नौवां चरण विकासखण्ड अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, दुर्गूकोंदल एवं कोयलीबेड़ा में 28 नवम्बर से 18 दिसम्बर 2023 तक चलाया जाएगा। विकासखण्ड नरहरपुर, चारामा, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर एवं दुर्गूकोंदल में मच्छरदानी वितरण किया जाना है। इस संबंध में गत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित की गई। प्रशिक्षण में विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखण्ड लेखा प्रबंधक, विकासखण्ड डाटा प्रबधंक, जिला मितानीन समन्वयकों को जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. डी.के.रामटेके के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2030 तक जिले के समस्त ग्रामों को मलेरिया मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में अब तक 8 चरणों में मलेरिया मुक्त अभियान चलाया जा चुका है। नौवां चरण जिले के 168 ग्रामों के 75000 जनसंख्या में अभियान चलाया जाएगा। अभियान में कार्यकर्ता एवं मितानीन घर-घर जाकर आरडी किट से मलेरिया जॉच करेंगे एवं जॉच सकारात्मक पाये जाने पर तत्काल समूल उपचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त मलेरिया नियंत्रण की अन्य गतिविधियों पर चर्चा की गई, जिससे जिले में मलेरिया के प्रकरणों को शून्य किया जा सके।

### मिनीमाता कॉलेज में लगा विधिक जागरूकता शिविर

**कोरबा 25 नवम्बर।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विक्रम प्रताप चन्द्रा, विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट एवं कृष्ण कुमार सूर्यवंशी एडीजे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वदना से किया गया। तत्पश्चात् विकम प्रताप चन्द्रा का स्वागत श्रीमती अमिता सक्सेना, आई. क्यू.ए. सी. प्रभारी एवं कृष्ण कुमार सूर्यवंशी का स्वागत डॉ. श्रेणी दिवाकर, सह-संयोजक आई क्यू.ए.सी. एवं डॉ राजेन्द्र सिंह प्राचार्य का स्वागत डॉ. ए.पी. सिंह, नैक संयोजक द्वारा पुष्प गुच्छ एवं बैज लगाकर किया गया। अतिथि विकम प्रताप चन्द्रा ने पाक्सो एक्ट को लेकर छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

# मतगणना की तैयारी से सबंधित सभी कार्य समय पर पूर्ण कराएं : कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 25 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मतगणना की तैयारी से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना की तैयारी के लिए नियुक्त नोडल एवं साहायक नोडल अधिकारियों को सौंपे गए कार्य समय - सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के तीनों विधनसभा क्षेत्र के लिए मतगणना 3 दिसंम्बर 2023 को नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर बलौदाबाजार में किया जाएगा। मतगणना की तैयारी हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंप दी गई है। मतगणना दल गठन, नियुक्ति, मतगणना दलों का रेंडमाइजेशन एवं मानदेय वितरण के लिए नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन एवं सहायक नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर नितिन तिवारी को बनाया गया है। इसीप्रकार मतगणना स्थल एवं बाहर कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपर कलेक्टर वीसी एक्का को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर अरूण कुमार सोनकर को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। मतगणना एवं अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की फोटोग्राफी के लिए अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी को नोडल एवं अधीक्षक भू अभिलेख चित्ररेखा चंद्रवंशी, विकास कुमार गढेवाल, सुश्री चंचल यादव को साहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। मतगणना पश्चात ईवीएम वीवीपैट की सीलिंग, स्ट्रांग रूम किंसिलिंग के लिए संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे, मतगणना दलों के प्रशिक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी तथा प्रेक्षक, आरओ एवं एआरओ की बैठक व्यवस्था एवं मीडिया सेंटर निर्माण आदि के लिए आरईएस के एसडीओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसीतरह मतगणना स्थल में 24 घंटे अबाधित विद्युत व्यस्था साउंड सिस्टम के लिए सीएसपीडीसीएल, आईटी सेक्शन में व्यस्था हेतु जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, मतगणना सम्बंधित सभी आवश्यक व्यवस्था, मतगणना स्थल में सामग्री लाने ले जाने हेतु कर्मचारियों की डियूटी लगाने हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, मीडिया सेंटर में आवश्यक व्यवस्था हेतु उप संचालक जनसम्पर्क, मतगणना कार्य मे लगे अधिकारी-कर्मचारियों के पास जारी करने हेतु जिला पंजीयक, पेयजल व्यवस्था हेतु पीएचई के ईई, अग्निशमन व्यवस्था हेतु जिला नगर सेनानी, मोबाईल जमा काउंटर हेतु उप संचालक समाज कल्याण, चिकित्सा व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन डॉ आर के अवस्थी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन अपर कलेक्टर द्वय वीसी एक्का एवं अनुपम तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे, डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर, नितिन तिवारी सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

